CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, बुधवार 10 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 310 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका
पेज 2



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल
खेल टाइम्स


श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल
सम्पादकीय


मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़
पेज 12

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

### पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

**1500 कैदी जेलों से बाहर निकले**

काठमांडू, वार्ता

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

### भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालंय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 - 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 - 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

### एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



## सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

## पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

## AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।

- वकील ने कहा- उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन




## कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

## संक्षिप्त समाचार

### सॉल्वर गैंग चलाने वाले डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं को लेकर सॉल्वर गैंग चला रहे गिरोह के सरगना के रूप में शामिल एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया है। गिरफ्तार डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में जनपद बलिया के बांसडीह सीएचसी पर है। पुलिस ने डॉक्टर सहित उसके गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की गिरफ्तारी उसके अन्य साथी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। दरअसल बीते छह व सात सितम्बर को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से सम्पन्न पीईटी-2025 की परीक्षा प्रदेश के 45 जनपदों में सम्पन्न कराई गई थी। इनमें सबसे ज्यादा परीक्षार्थी लखनऊ व गाजियाबाद में थे। परीक्षा की शुचिता को लेकर एसटीएफ व पुलिस की सॉल्वर गैंग चलाने वाले लोगों पर थी।

### ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

# जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ताधर्ता स्वयं मुख्यमंत्री: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ता धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं।

यादव ने सोमवार देर शाम एक्स पर लिखा- जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे हैं, तो कुछ उनकी भी सलाह मान लें। लगे हाथ सभी राज्य विश्व. विद्यालयों की कमान मुख्यमंत्री के हाथ में होने का फरमान जारी कर दें। उन सभी वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी-साथियों की पर्ची के लेनद.ेन से पदों पर बैठे हैं। विवि के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण मारने की जांच हो। इसकी भी गहरी जांच हो कि नाट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) कैसे पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजना में घपले की जांच हो।

बुनियादी सुविधाओं के लिए दिया गया फ़ंड डकारने वालों की जांच हो। फर्जी डिग्री विवाद का इन्वेस्टिगेशन हो। निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के कालेधन की जांच हो। विश्वविद्यालय के मानकों को धता बतानेवालों की जांच हो। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि अच्छा हो कि जांच की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जांच वहां से शुरू हो जहां के कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री आप स्वयं हैं।

# जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं: शुभांशु

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा: आसमान न कभी मेरे लिए सीमा था और न ही मेरे वतन के लिए

**लखनऊ।** ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिए सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होंने कहा कि जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य जरूरी हैं, सपने जरूरी हैं, योजनाएं जरूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र- छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी जिंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डा. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएं, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं। शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एनडीए, भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुंचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएं। हां, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हंसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए, जिन्होंने आपको सफलता से ज्यादा सिखाया। वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं, जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित: अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निद.ेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की को.शिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# हैरान करती है धनखड़ की 50 दिन की खामोशी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस में कहा है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 50 दिन से चली आ रही चुप्पी हैरान करती है और उनकी यह खामोशी उनके स्वभाव के विप.रीत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि धनखड़ का स्वभाव इतनी देर तक चुप्पी साधना नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उनकी खामा.ेशी सबको हैरान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि पिछले 50 दिनों से जगदीप धनखड़ ने अप्रत्याशित चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है, तब भी देश उनके ऐतिहासिक और अप्रत्याशित इस्तीफे पर बयान का इंतजार कर रहा है।

### राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गई। प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितम्बर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों में लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 314.02 अंक (0.39 प्रतिशत) की बढ़त में 81,101.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.45 अंक की मजबूती के साथ 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। अमे.रिका में दो संघीय अदालतों द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपातकालीन प्रावधानों के तहत 1 अगस्त से लगाए गए मनमाने आयात शुल्क को अवैध करार देने के बाद निवेशकों में आयात शुल्क दोबारा कम होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने आईटी कंपनियों में जमकर लिवाली की। सेंसेक्स में इंफोसिस का शेयर 5.03 प्रतिशत उछल गया। टेक महिंद्रा का शेयर 2.42 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.78 और टीसीएस का एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स में भी 2.40 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स 342.39 अंक की तेजी के साथ 81,129.69 अंक पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 80,927.97 अंक और ऊपर 81,181.37 अंक तक गया। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 90.95 अंक चढ़कर 24,864.10 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,814 अंक और उच्चतम स्तर 24,891.80 अंक रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी के अलावा एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टर में भी निवेशकों ने अच्छी लिवाली की। तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और टाटा स्टील में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### कौशल महोत्सव 2025 का आयोजन लखनऊ में 16-17 सितम्बर को

**नई दिल्ली।** कौशल एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ में 16-17 सितम्बर को कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक नियोक्ता भाग लेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया, कौशल महोत्सव 2025 इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा, लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन जैसे उद्यमों में कार्यरत 100 से ज्यादा शीर्ष नियोक्ता हज़ारों अवसरों के साथ लखनऊ आ रहे हैं। इसमें देश भर से प्रतिभाओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मंत्रालय का कहना है कि हर हुनर को एक अवसर, हर सपने को एक मंच मिले, इस उद्येश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के कोने-कोने से प्रतिभाओं के लिए अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितम्बर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है।


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।










वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# शिक्षा व्यवस्था की बर्बादी का 2027 में भाजपा से हिसाब लेगी युवा शक्तिः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। उनकी गलत नीतियों के कारण छात्रों और नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी नहीं हुआ जैसा भाजपा सरकार में हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने की बात कर रहे हैं तो जांच की शुरुआत सभी कुलपतियों से होनी चाहिए, जो पर्ची के लेन-देन से पदों पर



पहुंचे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनियमितताओं, परीक्षा घोटालों, शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण घपलों, एन.एफ.एस. के दुरुपयोग, मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की गड़बड़ियों, छात्रवृत्ति योजनाओं में हुए घोटालों और फर्जी डिग्री विवादों की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही कहा कि निजी विश्वविद्यालयों में सत्ताधीशों के काले धन की भी जांच होनी चाहिए। अखिलेश ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अच्छा हो यदि निष्पक्षता और पारदर्शिता का उदाहरण देने के लिए जांच की शुरुआत वहीं से की जाए, जहां के कर्ता-धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार तभी संभव है जब भाजपा सरकार सत्ता से बाहर हो। भाजपा के एजेण्डे में न तो शिक्षा है और न ही रोजगार। अगर शिक्षा सरकार की प्राथमिकता होती तो वह सत्ताईस हजार प्राथमिक स्कूलों को बंद नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबों के बच्चों को शिक्षा से दूर रखना चाहती है और नौजवानों को झूठे वादों से गुमराह कर रही है।

## देर शाम हुई बारिश, लोगों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** यूं तो इन दिनों मौसम बारिश का है, लेकिन मंगलवार सुबह धूप खिलने से, तापमान में उछाल आ गया। दोपहर तक पारा 33 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। इसकी वजह से लोग गर्मी से परेशान हो उठे। हालांकि दोपहर ढालने के बाद आसमान में काले बादल छाए, जिसकी वजह से लोगों ने मामूली राहत की सांस ली। दोपहर ढलने के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश होने लगी। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के साथ चली हवाओं ने लोगों को राहत का एहसास। डेढ शाम हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। युवाओं और बच्चों ने इस बारिश का जमकर आनंद लिया। युवा और बच्चे बारिश में उछल कूद मचाते नजर आए।

# भूकंप आपदा संवेदनशील 34 जिलों में मॉक एक्सरसाइज की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में मंगलवार को भूकंप आपदा के प्रति संवेदनशील चौंतीस जनपदों में आयोजित होने वाले टेबलटॉप एक्सरसाइज और मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ ओरियंटेशन एवं कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस प्राधिकरण सभागार में संपन्न हुई। उपाध्यक्ष ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य भूकंप, रासायनिक हादसों और अग्नि दुर्घटनाओं जैसी आपदाओं के जोखिम और संवेदनशीलता के प्रति विभागों को जागरूक करना तथा आपसी समन्वय के माध्यम से त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की ख्रष्टि से जोन तीन और चार के अंतर्गत आता है, जिससे यहां तैयारी और भी जरूरी हो जाती है। बैठक में एचवीआरसीए (जोखिम, संवे. दनशीलता और क्षमता का आकलन) पर विभागों की प्रस्तुतियां दी गईं। वरिष्ठ सलाहकार ने बताया कि प्रदेश के चौंतीस जनपद भूकंप आपदा के प्रति अति संवेदनशील हैं। चूंकि भूकंप की कोई प्रारंभिक चेतावनी नहीं होती, इसलिए तैयार रहना ही एकमात्र उपाय है। भूकंप के साथ आगजनी और रासायनिक दुर्घटनाओं जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जिनका गंभीर असर पड़ सकता है। तैयारियों के तहत आगामी सोलह सितम्बर को मेरठ कैंट स्थित पश्चिम उत्तर प्रदेश सब एरिया में टेबलटॉप एक्सरसाइज होगी, जबकि उन्नीस सितम्बर को सभी चौंतीस संवे. दनशील जिलों में स्कूल, अस्पताल, फैक्ट्री, रेलवे क्षेत्र, शासकीय भवनों और शॉपिंग मॉल सहित विभिन्न स्थानों पर मॉक एक्सरसाइज का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। बैठक में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम व कारखाना विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए। भारतीय सेना के अधिकारी मेरठ से जुड़े, वहीं संवेदनशील जनपदों के अपर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित रहे। बैठक का संचालन और समन्वय वरिष्ठ सलाहकार कर्नल संदीप मेहरोत्रा ने किया।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए नागरिकों ने बढ़ाए हाथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र के तमाम गांवों के नागरिकों ने पंजाब में बाढ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है बताया जाता है कि आजादपुर ग्राम पंचायत के तकिया मोहम्मदी शाह के अजय कुमार रावत ने बताया कि पंजाब में बाढ पीड़ितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राशन और कपड़े की व्यवस्था पहुंचाने के उद्देश्य से इन्हौना आजादपुर तकिया मोहम्मदी शाह आदि गांवों के दो दर्जन नागरिकों द्वारा अनाज तथा धन एकत्र कराया जा रहा है।

माता फेर लल्लन अंसारी हयात बासिद मोबीन पुती अख्तर रजी जब्बार, सफीक मोहम्मद शमीम शोयब शेरा रोशन जुबेर फरमान आदि पंजाब में बाढ पीड़ितों की मदद करने में मेहनत से काम कर रहे हैं।

# पांचवीं बार गंगा-यमुना का प्रकोप, प्रयागराज में फिर मंडराया बाढ़ का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** इस वर्ष बाढ़ का संकट मानो थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियां एक बार फिर से खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं और प्रशासन ने लगातार पांचवीं बार बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

पिछले चौबीस घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में अड़तीस सेंटीमीटर और छतनाग में तेईस सेंटीमीटर बढ़ा है, जबकि यमुना का जलस्तर नैनी में बाइस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर चौरासी दशमलव उन्नीस मीटर और छतनाग में तिरासी दशमलव चौंतीस मीटर रहा, वहीं नैनी में यमुना का स्तर तिरासी दशमलव नब्बे मीटर



दर्ज हुआ। गंगा और यमुना का डेंजर लेवल चौरासी दशमलव सात सौ चौंतीस मीटर है, जिसे शाम तक पार करने की आशंका जताई जा रही है। लगातार बढ़ते जलस्तर ने रिहायशी इलाकों में पानी भरना शुरू कर दिया है और कई गांव खाली कराए जा रहे हैं। केवल अड़तीस दिनों में यह तीसरी बार है जब गंगा ने चौरासी मीटर का स्तर पार किया है। स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग तेज कर दी गई है और आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें राहत और बचाव कार्यों के लिए तैनात कर दी गई हैं।

प्रयागराज ही नहीं, प्रदेश की अन्य नदियां भी उफान पर हैं। घाघरा समेत कई नदियों में खतरे का स्तर बना हुआ है। भारी मानसून और ऊपरी बांधों से छोड़े गए पानी के कारण संकट और गहरा हो रहा है। बाढ़ के रूप में प्रख्रति का यह प्रकोप इस बार भारी तबाही की चेतावनी दे रहा है और यदि जलस्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो शहर और आसपास के तटीय क्षेत्र व्यापक रूप से जलमग्न हो सकते हैं। प्रशासन ने लोगों को सतर्क करते हुए तटीय इलाकों में अनावश्यक गतिविधियों से बचने की अपील की है। पुलिस ने स्नान और सेल्फी जैसे जोखिम भरे कार्यों से दूर रहने की चेतावनी दी है। राहत शिविरों और बचाव दलों को सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। गंगा और यमुना के लगातार उफान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रयागराज के लिए बाढ़ इस बार एक अंतहीन संकट की तरह लौट-लौटकर दस्तक दे रही है।

# भारतीय किसान संघ ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** भारतीय किसान संघ ने जिले के सभी 13 ब्लॉकों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ब्लॉक विकास अधिक. ारियों के माध्यम से भेजा गया। किसान संघ के अनुसार, फसलों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए आवश्यक साधनों में लगातार कमियों के कारण किसान लगातार परेशान हैं।किसानों ने बताया कि खाद, बीज और ख्रषि रसायनों में मिलावट हो रही है, जिससे फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा, छुट्टा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है और खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है। सिंचाई की व्यवस्थाएं भी अधूरी हैं, कई नलकूप और नहरें खराब स्थिति में हैं। बिजली की बार-बार कटौती से रबी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे किसान आर्थिक दबाव में हैं।किसान संघ ने ज्ञापन में अपनी प्रमुख मांगें रखीं।

उन्होंने समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने, खराब नलकूपों और नहरों की मरम्मत करने, मनरेगा के तहत सिंचाई नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और रबी फसलों के लिए दिन में निर्बाध बिजली आपूत्रत करने की मांग की। संघ ने अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण की भी आवश्यकता जताई, ताकि वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें और सेवा भाव से कार्य करें।

कार्यक्रम में जिला मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, रविंद्र प्रताप पाठक, राणा प्रताप सिंह और बृजेश मिश्र समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके जल्द समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि इन गंभीर समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। संघ ने सभी किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।संघ के प्रति. निधियों का कहना है कि यह ज्ञापन केवल किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने का प्रयास है, लेकिन यदि गंभीरता दिखाई नहीं गई, तो किसानों की नाराजगी बड़े आंदोलन में बदल सकती है। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने जोर देकर कहा कि हम खेती से अपना और देश का पेट भरते हैं, लेकिन हमारी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## दिव्यांग पर फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थाना मऊ क्षेत्र के खण्डेहा गांव में सोमवार की रात अवैध तमंचे से दिव्यांग पर फायर करने वाले आरोपी को ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर और चैम्बर में फंसा कारतूस बरामद हुआ है। घटना के अनुसार वादी कमलेश सिंह ने थाने में सूचना दी कि उनका भाई शिवलखन सिंह पुराने घर पर था।

# सेवानिवृत्त अभियंता की गोली मारकर हत्या

## नौकरानी के पति पर आरोप, अवैध संबंधों की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मढियांव थाना क्षेत्र के दिलकश विहार कॉलोनी में मंगलवार सुबह सनसनीखेज वारदात हुई जिसमें 68 वर्षीय सेवा. निवृत्त अभियंता अरुण कुमार मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

अरुण कुमार मिश्रा सार्वजनिक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे और कॉलोनी स्थित मकान में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी, जो शिक्षिका के पद से रिटायर हैं, अलग मकान में रहती हैं जबकि उनका बेटा विदेश में नौकरी करता है। हत्या का आरोप मकान में काम करने वाली नौकरानी रामदेवी के पति मनोज पांडे पर लगा है, जो गार्ड की नौकरी करता है। पुलिस के अनुसार, मनोज मंगलवार सुबह अपनी दुनाली बंदूक लेकर पहुंचा और गोली चला दी। नौकरानी रामदेवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति मकान के निर्माण को लेकर उससे झगड़ा करने आया था और गोली उसी पर चलानी चाही थी, लेकिन बीच में अरुण कुमार मिश्रा आ गए और गोली उन्हीं को लग गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रामदेवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक, मनोज को शक था कि उसकी पत्नी और सेवा. निवृत्त अभियंता के बीच अवैध संबंध हैं। बताया जा रहा है कि रामदेवी पिछले तीन दिनों से लगातार अभियंता के मकान पर रह रही थी, जिस पर मनोज नाराज़ था। इसी शक और गुस्से के चलते उसने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस ने अभी इस संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन इसी आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही तथ्य सामने आ जाएंगे।

# बिजली के साथ-साथ गुल है मोबाइल के नेटवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन क्षेत्र में बिजली कटौती के साथ जियो नेटवर्क के ठप्प हो जाने से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सकरन थाने सहित सभी पुलिस चौकियों व डायल 112 के दस्ते सहित सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के पास भी जियो कम्पनी का सिम है। नेटवर्क बाधित रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सकरन क्षेत्र में अधिकांश सहज जन सुविधा केन्द्रों के संचालकों ने एयरफाईबर कनेक्शन ले रखा है। जिसका मासिक बिल 1567 रुपये पड़ता है। क्षेत्र में पंद्रह दिन से नेटवर्क ना आने से सहज जन सुविधा केन्द्रों और उपभोक्ताओं में काफी रोष ब्यप्त है। क्षेत्र में बिजली कटौती का दंश झेलने के साथ ही लोग मोबाइल नेटवर्क बाधित रहने पर परेशान है। वही डिजिटल इंडिया को विभागीय अधिकारी पलीता लगा रहे है। जियो का नेटवर्क बिजली पर निर्भर है। इससे बिजली गुल होते ही नेटवर्क बाधित हो जा रहा है। इससे सरकारी सीयूजी नंबर पर जरूरी होने पर बात नहीं हो पा रही है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग से बात नहीं होने पर हो रही है। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आदृष्ट कराते हुए समस्या समाधान कराने की मांग किया है।

# दिव्यांगजनों की योजनाओं को हर पात्र तक पहुंचाने की तैयारी में योगी सरकारः नरेंद्र कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को नई गति देते हुए विभागीय योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीति बनाई है।

इसके लिए आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के साथ-साथ विद्यालयों, पंचायतों और नगरीय निकायों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि सरकार ने विभाग को वर्षभर विभिन्न



कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं की पहुंच और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि उद्देश्य यही है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। सरकार ने निर्णय लिया है कि आगामी दो अक्टूबर, गांधी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों के तहत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय से पहले वितरित की जाएगी। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं,

कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी तरह की लापरवाही न हो और हर पात्र लाभार्थी तक इसका लाभ पहुंचे। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मेलों के आयोजन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इन मेलों के माध्यम से दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बहुगुणा चौराहा अंडरपास की ढलान पर मंगलवार की दोपहर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से ट्टर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठे तीन युवक सड़क पर गिर गए।

जिन्हें ट्रक ने कुचल दिया। रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम खैरेपारा निवासी रामगोपाल व ग्राम बंदीपुर निवासी राम सहाय तथा नगर के मुहल्ला नारायण नगर के (मूल निवासी भौता हरदोई) सुधारकर मिश्र ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खैराबाद के मालगोदाम जा रहे थे। रास्ते मे बहुगुणा चौराहा अंडरपास की ढलान पर एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली अलग-अलग हो गए। ट्रैक्टर पर बैठे तीनों लोग सड़क पर गिर गए। इसी बीच ट्रक ने तीनों को कुचलता हुआ गुजर गया। इससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। वहीं, ट्रॉली सड़क के किनारे पलट गई और ट्रैक्टर करीब तीन सौ मीटर दूर तक बिना चालक के चलता चला गया। आगे जाकर रोड के किनारे अपने आप रुक गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। कोतवाल अनूप शुक्ल ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। हादसे में ट्रैक्टर सवार तीनों की मौत हो गई है। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान देने के लिए फार्म-स्टे योजना में निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुख्रढ़ करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार राज्य में फार्म-स्टे आवास विकसित व संचालित करने के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस योजना से खेती-बाड़ी, ग्रामीण संस्कृति और गांवों में आतिथ्य सत्कार का प्रत्यक्ष अनुभव पर्यटकों को मिलेगा, साथ ही गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। योजना के तहत फार्म-स्टे आवास खेतों या उनके निकट बनाए जाएंगे, जो मकान मालिक के घर से अलग होंगे। इनमें कम से कम दो किराए पर देने योग्य कमरे और एक रिसेप्शन क्षेत्र होना अनिवार्य होगा।

साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कृषि कार्य, बागवानी, मत्स्य पालन, डेयरी फाह्नमग, पशुपालन और अन्य ग्रामीण गति. विधियों की व्यवस्था की जाएगी ताकि पूरा गांव ही उनके लिए पर्यटन का केंद्र बने। राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान किया है। पूंजी निवेश पर सब्सिडी की व्यवस्था 10 लाख से 500 करोड़ रुपए से अधिक तक के निवेश पर चरणबद्ध रूप से तय की गई है। इसमें न्यूनतम 25 प्रतिशत से लेकर अधिकतम 40 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति, जनजा. ति और पिछड़ा वर्ग के निवेशकों को अतिरिक्त रियायतें दी जाएंगी, वहीं फोकस टूरिज्म डेस्टिनेशन में स्थापित होने वाली परियोजनाओं को पांच प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी। हालांकि यह सब्सिडी अधिकतम 30 प्रतिशत की सीमा तक होगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ब्याज सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है। पांच करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाएगी, जिसके तहत प्रति वर्ष अधिकतम 25 लाख रुपए तक की सहायता पांच वर्षों तक उपलब्ध होगी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से छात्रा गम्भीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना/अमेठी।** थाना क्षेत्र के कस्बा राजाफत्तेपुर में स्थित डॉ प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इण्टर कॉलेज से घर लौटते समय कठौरा की ओर से आ रहे ई रिक्शा से छात्रा शुभी कुमारी पुत्री श्री होशिला प्रसाद निवासी पूरे शेरू मजरे राजाफत्तेपुर का एक्सीडेंट हो गया जिससे छात्रा के सिर पर गंभीर चोट आयी एक्सीडेंट की सूचना मिलते हैं परिजन और विद्यालय प्रबंधक उपेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे हैं उन्होंने प्राथमिक उपचार हेतु छात्रा को सुर्या हॉस्पिटल इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर पहुंच जहां पर डॉक्टरों ने बिगड़ते हालात को देखते हुए प्राथमिक



उपचार कर। के.जी.एम.यू. लखनऊ रेफर कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और तुरंत इलाज शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश, आज सुबह ऑपरेशन से पहले ही छात्रा का निधन हो गया।

उनकी असामयिक मृत्यु से विद्यालय परिवार गहरे शोक में है। विद्यालय प्रबंधक उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि एक होनहार और सरल स्वभाव की छात्रा को हमने बहुत जल्दी खो दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व शक्ति दें। हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभी को अपनी स्मृतियों में सदैव जीवित रखेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण कराएं



## डीजे ने हरी झंडी दिखा रैली रवाना की

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार करने के उद्देश्य से मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। जिला जज विवेक कुमार ने न्यायालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण कराने से समय व धन की बचत होती है और समझौते के माध्यम से निस्तारण किये जाने पर किसी भी एक पक्ष की जीत नहीं होती बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ईश्वर सिंह ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा, जिसकी जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान पीठासीन अधिकारी कुटुम्ब न्यायालय अमरोहा मधुलिका चौधरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम साकिर हसन व अन्य न्यायिक अधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# भाकियू की पंचायत में किसानों का गुस्सा फूटा

## गन्ने का भाव पांच सौ रुपये करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। किसानों ने बाढ़ से बर्बाद फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने, गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने और आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा की मांग तेज आवाज में उठाई।

मण्डल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा सरकार किसान की मेहनत को हल्के में लेना बंद करे। बाढ़ ने किसानों की कमर तोड़ दी है, ऊपर से फसल का सही दाम भी नहीं मिल रहा। अगर जल्द मुआवजा और 500 रुपये गन्ने का भाव घोषित नहीं हुआ तो आने वाली पंचायत से ही ऐसा आंदोलन खड़ा होगा कि सरकार को झुकना पड़ेगा। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल से कम किसी हाल में स्वीकार नहीं। सरकार किसान की मेहनत की सही कीमत दे, नहीं तो सड़कों पर उतरकर हक की लड़ाई लड़ेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने भी तल्ख लहजे में कहा आवारा पशु किसानों के लिए आफत बन चुके हैं। सरकार को तुरंत ठोस योजना बनानी होगी, वरना किसान खुद कानून अपने हाथ में लेने को मजबूर होगा। पंचायत में पहुंचे तहसीलदार मूसाराम थारू



ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके से ही लेखपालों को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गांव-गांव जाकर अंश निर्धारण की सभी त्रुटियां दूर की जाएं। तहस. ीलदार ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसानों को राहत देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 सितम्बर को कुआं खेड़ा गांव में होने वाली किसान महापंचायत को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पदाधिकारियों ने किसानों से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर डूंगर सिंह, देशराज सिंह, करन सिंह, नरेश सिंह, जसपाल सिंह, खचेड़ू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, जगदीश यादव, शाकिर अली, इश्तियाक अली, देवप्रकाश शर्मा, गंगासरन शर्मा, पौरुष देओल, जुल्फकार मलिक, जन्म सिंह, श्यामवली यादव, अनवार अली समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# हरिश्चन्द्र की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

## संघटक राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** संघटक राजकीय महाविद्यालय में जन कवि भारतेंदु हरिश्चन्द जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम का प्रारंभ कालेज प्राचार्य डॉ विनोद कुमार ने वक्तव्य के साथ किया। उन्होंने कहा भारतेंदु हरिश्चन्द आधुनिक काल के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाते है। भारतेंदु युग इन्हीं के नाम से जाना जाता है तथा वह दौर संक्रमण काल का दौर था। परन्तु भारतेंदु हरिश्चन्द ने खड़ी बोली के साहित्य को केंद्र में रखा और इसी युग से हिंदी की अनेक विधाओं का विकास भी हुआ है। हिंदी विभाग के डॉ राहुल कुमार ने कहा भारतेंदु हरिश्चन्द एक क्रांतिकारी कवि हैं। जिन्होंने युवाओं को अपनी कविताओं के माध्यम से जागरूक किया। डॉ मनोज जाटव ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र अपने समय के युग दृष्टा रहे जिन्होंने हिंदी, हिन्दू, हिंदुस्तान का भाव जगाकर आम जनमानस में राष्टीय भावना का जागरण और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मदनपाल ने किया और उन्होंने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अनेक पत्रिकाएं निकालीं। जिससे समाज में कांति का संचार हुआ। समाज के विकास में भारतेंदु हरिश्चन्द के साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ परमजीत कौर, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ एमपी सिंह, डॉ कपिल वर्मा, डॉ सचिन वर्मा, डॉ विक्की सिंह, डॉ गजेंद्र कुमार, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ कविता चौधरी, डॉ गिरेंद्र सिंह, डॉ नीदा इदरीश, डॉ अनिल कुमार, डॉ दीपक तालान, डॉ डीके अग्निहोत्री, सोमवीर सिंह समेत समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पंचायत में अधिकारियों को भेजा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 12 सितंबर को तहसील परिसर में होने वाली किसानों की पंचायत में विद्युत विभाग के एक्सईन सप्लाई, इंस्पेक्टर पूर्ति विभाग, एक्सईन नहर विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को समय से किसानों की पंचायत में भेजा जाये। यदि यह अधिकारी समय से नहीं पहुंचेंगे तो भाकियू बीआरएसएस मजबूरन आंदोलन करने को विवश होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं शासन प्रशासन की होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर ने दी है।

## स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को सौंप दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बिजली विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं उन्हें तुरंत रोका जाये। अन्यथा संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह चौहान,ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मंगू त्यागी,जहीर,आबिद अली, एहसान,मीर हसन, अबरार, बाबू,साकिब आदि किसान मौजूद रहे।

## पंजाब के लिए भेजी आर्थिक मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खादगूजर से पंजाब बाढ़ राहत हेतु 83151 रूपये की नकद कपड़े, बिस्कुट आदि सामान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ.उपेन्द्र सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिह, कामिल हुसैन, रणवीर सिंह, जगदीश सिंह आदि की मौजदगी में पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह द्वारा गुरुद्वारा साहिब नगलिया बहादरपुर के गुरुद्वारा ग्रन्थी ज्ञानी कुलदीप सिंह को सौंपा गया। इस मौके पर ग्राम नगलिया बहाद. रपुर निवासी सरदार कुन्दन सिंह, सरदार हरजीत सिंह, गोल्डी सिंह, राहुल सिंह, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे। चौ.उपेन्द्र सिंह ने कहा कि पंजाब में बाढ़ आपदा में राहत आदि भेजने के लिये देशवासियों को बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

## भगवान की लीलाओं का किया बखान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कस्बे के निकटवर्ती गांव दिसोरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने लायक रहा। यह कथा बजरंग दल के प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सरस्वत और किसान नेता विजेंद्र शर्मा के आवास पर आयोजित की जा रही है। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कथा वाचक आचार्य धर्मवीर शास्त्री ने अपने ओजस्वी वाणी से राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म और अन्य दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया। जैसे ही आचार्य ने भगवान की लीलाओं का बखान किया, वैसे ही श्रोतागण हरे कृष्णख्रहरे कृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर होकर




तालियां बजाते और मंत्रोच्चारण करते रहे। इस धार्मिक अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिनव कौशिक और नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों संग विधिविधान से आरती-पूजन किया। उनके पहुंचने पर कथा स्थल पर उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कथा के दौरान महिला मंडल ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। ढोलक और झांझ की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। गांव का पूरा माहौल धार्मिक रंग में रंग गया। नगरपालि. का अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा देते हैं और संस्कारों को जीवित रखते हैं। आयोजकों ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तों के चरित्रों का वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन भव्य भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण भी होगा। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है। यहां विशाल कौशिक, सुनील प्रजापति, अंकित शर्मा, अशोक सैनी, विपिन शर्मा, कुशल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भोगना पड़ता है कर्मों का फल : शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला बुधबाजार में टावर गली में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बिजनौर के जलीलपुर स्थित श्री राधे कृष्ण कृपा धाम आश्रम से पधारे कथावाचक श्री

**भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु**

कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि, यदि हम किसी को दुख देते हैं तो हमें दुख की ही प्राप्ति होगी और यदि हम सुख देते हैं तो हमें भी सुख की प्राप्ति होगी। उन्होंने भीष्म पितामह के शरशैया के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि, श्री कृष्ण ने उन्हें बताया कि पितामह ने एक जन्म में राजा बनने के दौरान एक सर्प को वाण से



उठाकर झाड़ियों में फेंक दिया था, जिसकी मृत्यु काफी पीड़ा के साथ हुई, जिसके फलस्वरूप उन्हें इस जन्म में शर शैया का कर्मफल भोगना पड़ा। कथावाचक ने कहा कि बुरे कार्य का नतीजा बुरा ही होता है भले ही, कितने समय बाद हो। कथावाचक ने सुन्दर भजन प्रस्तुत करके श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर विजयपाल सिंह, आशा देवी कविता, ममता, पूनम, सुमन, नीतू, सोनम, मधु, किरन, खुशबू, हर्षिता, शालू, बबीता आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने सीओ व थाना प्रभारियों की ली क्लास

## अपराधों में लिप्त लोगों को भेजें जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान एसपी ने सीओ और थाना प्रभारियों की जमकर क्लास लगाई। अपराधियों पर कार्रवाई जारी रखने के साथ अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, गोवंशीय पशु कटान व अन्य अवैध कामों में लिप्त लोगों को जेल भेजने का निर्देश दिया। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसपी अमित कुमार आनंद ने तय बिंदुओं पर थानेवार अपराध की समीक्षा की। संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले थाना प्रभारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े अभियानों में किसी तरह की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी। टॉप 10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व चिन्हित माफियाओं पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए और अधिक प्रभावी कार्रवाई



करने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण क रते हुए अनसुलझी घटनाओं का खुलासा करने की बात कही। कहा कि आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त होने की वाली शिकायती पत्रों की तय समय में निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। पॉक्सो एक्ट व महिलाओं से जुड़े अपराधों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलाएं। अपराधिक इतिहास वाले लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी करने की बात कही। एसपी ने अपहृत एवं गुमशुदा की भी समीक्षा करते हुए जल्दी बरामदगी के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा एसपी ने आगामी त्यौहारों (नवरात्र, दशहरा, धनतेरस व दिपावली) को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की तथा जरुरी दिशा-निर्देश दिए। थानों में आने वाले फ रियादियों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने को कहा। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया के अलावा सीओ, थाना व संबंधित है शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# वैश्यावृत्ति कराने वाले गैंग पर कार्रवाई की मांग

## नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** वेश्यावृत्ति कराकर सीधे-साधे लोगों को झूठा फंसाकर उनसे धन उगाही करने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से जांच करवाकर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोतवाली डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी रईस अहमद पुत्र सगीर ने कई लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर वेश्यावृत्ति करने वाले गैंग के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उनके पुत्र आतिफ के विरुद्ध मुस्कान पुत्री जहीर ग्राम श्योनाली थाना डिडोली ने झूठा प्रार्थना पत्र दिया था। उनके द्वारा बेटे आतिफ को यह झूठे मुकद्दस में फंसाकर अनुचित लाभ लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। डिडौली पुलिस द्वारा जब जांच की गई तो मामला पूरी तरह से फर्जी निकला। रईस अहमद ने बताया कि मुस्कान का आतिफ से कोई मतलब नहीं है। कई दिन पूर्व आरोपी महिला अपनी बेटी को लेकर एक मंढे की दावत में पहुंची थी तथा वहां पर जमकर हंगामा काटा था। बताया कि यह गैंग वेश्यावृत्ति भी कराता है। वेश्यावृत्ति कर सीधे-साधे लोगों से धन की उगाही करता है। उनके विरुद्ध जनपद में वेश्यावृत्ति कराये जाने और गैंगस्टर आदि की धाराओं में मुकदमे भी दर्ज है। उन्होंने बताया आरोपी महिला का भाई हिस्ट्रीशीटर है। यह लोग षड्यंत्र रचकर लोगों पर बलात्कार संबंधी मुकदमे लिखवाते हैं। और बाद में मोटी रकम लेकर फैसला कर लेते हैं। ऐसे लोग समाज में नासूर हैं और सीधे-साधे लोगों को लूटने का कार्य कर रहे हैं। यह लोग सीधे-साधे लोगों की छवि समाज में खराब करने की धमकी भी देते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि आरोपी मुस्कान ने जिस समय यह घटना बताई है उस समय वह वहां नहीं था। एक अलग स्थान पर था। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास है। आरोपी लोगों का अपराधिक लंबा इतिहास है। इनके विरुद्ध न्यायालय में भी मुकदमें चल रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मुस्कान उसकी मां जासमीन उर्फ जसिया भाई शोएब और भांजी अलीशा के खिलाफ कड़ी करवाई करने की मांग की है

# सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, में सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। विभिन्न टीमों ने तरह-तरह के आकर्षक व पौष्टिक सलाद तैयार किए जिनमें स्वाद और सजावट का अनोखा संगम देखने को मिला।प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्यवर्धक आहार के महत्व से अवगत कराना और उनमें रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना



था। छात्राओं ने नींबू सलाद, स्प्राउट सलाद, फ्रूट सलाद, वेजिटेबल सलाद आदि की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसूम ने की। उन्होंने छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा ख्र आज की युवा पीढ़ी को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल छात्राओं को नई दिशा देती हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना और नवाच. ार को भी बढ़ावा देती हैं। डॉ. रिजवाना कुलसूम ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर डॉ दीपिका शर्मा, श्रीमती रुखसार समेत कॉलेज के शिक्षकगण व छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और कार्यक्रम की सराहना की।

## स्कूल से लौटते छात्रा का अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की नाबा. लिग पुत्री रोजाना की तरह सोमवार को हसनपुर कला गांव स्थित अवनेश मॉडर्न इंटर कॉलेज पढ़ाई करने के लिए गई थी।स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा घर के लिए निकलीद्य लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची। स्वजनों ने परेशान होकर खोजबीन शुरू की परंतु कोई सुराग नहीं मिला। इस पर उन्हें संदेह हुआ कि गांव का ही रहने वाला अरुन कुमार पुत्र चन्द्रहास छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गया हैद्य अरून कुमार उसी दिन से घर से फरार है। स्वजनों ने थाने पहुंच कर अरूण कुमार के विरुद्ध तहरीर दी पुलिस छात्रा के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर छात्रा को बरामद करने के लिए टीम गठित कर जांच शुरू कर दी है।

## जलसे में युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के मीलक गौसपुर गांव निवासी मुहम्मद शान ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार की रात एक बजे गांव की जामा मस्जिद में चल रहे जलसे में शामिल था। जलसा देख रहे दौरान वह पेशाब करने के लिए मस्जिद से बाहर गयाद्य तभी गांव का मोनिस वहां आकर उससे गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मोनिस ने लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दीवार में ट्राली लगने में दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के जिवाई गांव में सोमवार को देर शाम दीवार में ट्राली लगने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए।जिवाई गांव निवासी नेकपाल सिंह अपने मकान निर्माण के लिए ट्रैक्टर-ट्राली में सटरिंग का सामान लेकर आ रहे थे। इसी दौरान ट्राली पड़ोसी अनिल कुमार की दीवार से टकरा गई। दीवार में ट्राली लगने की बात पर दोनों पक्षों में पहले गाली-गलौज हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई।मारपीट में अनिल कुमार की पत्नी सोनम और दूसरे पक्ष से नेकपाल सिंह घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में युवक की मौत

**गजरौला।** एक वाहन से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मायापुरी निवासी आकाश वर्मा पुत्र राम वर्मा सेल्समैन का काम करता था। वह हाईवे पर गया था, वहां से वापस लौट रहा था, तभी एक वाहन से टकराकर आकाश वर्मा की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया

## संदिग्ध परिस्थितियों में ढाबा कर्मचारी हुआ लापता

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर काम करने वाला कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कर्मचारी की पत्नी ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिसनेमामले कीजांच शुरू कर दी है।

हापुड़ नगर के मोहल्ला सिदार्थ नगर निवासी निर्मला ने बताया कि उसके पति नरेश कुमार 14 अगस्त को गढ़ के एक ढाबे पर काम करने के लिए आए थे। काम करने के दौरान कई बार फोन पर भी उनसे बात हुई। पीड़िता ने बताया कि उसके बाद से उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने पति को कफी तलाश किया, लेकिन उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सोमवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 4 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में एसडीएम श्रीराम यादव और सीओ स्तुति सिंह मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने बारी-बारी से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पेंशन, पैमाइश, टूटी सड़कों, बिजली व्यवस्था तथा राजस्व संबंधी मामलों की शिकायतें सबसे अधिक रहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनशिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल अव्वल, मिर्जापुर दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की अगस्त माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेशभर में मीर्जापुर मंडल ने दूसरा और अलीगढ़ मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है।



इसके लिए देवीपाटन मंडल के जिलों क्रमशः श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलों में जनशिकायतों की निस्तारण की रिपोर्ट की लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की मॉनीटरिंग करते हैं। इसके साथ ही रेंडम पांच शिकायतकर्ता से मंडलायुक्त कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है ताकि यह पता चल सके कि पीड़ित की शिकायत पर वास्तविकता में एक्शन लिया गया है या फिर रिपोर्ट ही लगाई गयी है। इसके साथ ही हर माह जनशिकायतों के मामलों की विभागीय आख्या की जांच की जाती है। यही वजह है कि देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। मंडलायुक्त ने बताया कि अगस्त माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में दवीपाटन मंडल को पूर्णांक 120 में से 105 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 87.50 प्रतिशत है। आईजीआरएस पोर्टल नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कई सुधारों के बाद यह अत्यधिक प्रभावी साबित हुआ है। आईजीआरएस की अगस्त की रिपोर्ट के अनुसार मीर्जापुर मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेशभर में दूसरा प्राप्त किया है। मीरजापुर मंडलायुक्त ने बताया कि अगस्त माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में मीर्जापुर मंडल को पूर्णांक 120 में से 96 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 80 प्रतिशत है। इसी तरह अलीगढ़ मंडल ने जनशिकायतों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अलीगढ़ मंडलायुक्त संगीता सिंह ने बताया कि अगस्त माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में अलीगढ़ मंडल को पूर्णांक 120 में से 93 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 77.50 प्रतिशत है। इसके साथ ही टॉप फाइव मंडल में बस्ती मंडल ने चौथा और प्रयागराज मंडल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इन मंडलों ने शिकायतों के निस्तारण में समय की बचत और पीड़ितों से फीडबैक लेकर सुधार की प्रक्रिया को तेज किया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी शिकायत अनसुलझी न रहे और समाधान की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और समयबद्ध हो। साथ ही अधिकारियों के फील्ड विज़ट्सि ने इस प्रक्रिया को और भी प्रभावी बना दिया है।

## मिर्जापुर जिले के नाम विंध्यधाम होने की संभावना में इजाफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर विंध्यधाम रेलवे स्टेशन हो गया है जिसके बाद अब जिले के नाम मिर्जापुर के स्थान विंध्यधाम होने की मांग भी पूरी होने की सम्भावना बलवती हो गई है। स्थानीय विंध्यधाम के पुरोहित एवं भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्र फैजाबाद से अयोध्या धाम जिले के नामकरण के बाद मिर्जापुर जिले का नाम परिवर्तित कर विंध्यधाम करने की मांग भी ले कर आगे आ गए है। उन्हें स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। खुद वे मिर्जापुर के स्थान पर विंध्यधाम भी लिखना कब का शुरू कर चुके हैं।कई सामाजिक संगठन जोर शोर इस मुहिम को शुरू कर रखा है। रेलवे स्टेशन के नाम परिवर्तित करने की अधिसूचना 29 अगस्त को ही जारी कर दी गई है। प्रमुख सचिव अजय चौहान के मुताबिक नाम परिवर्तन प्रभावी हो गया है।गृह मंत्रालय की भी स्वीकृति मिल गई है।अब विंध्याचल रेलवे स्टेशन, विंध्याचल धाम रेलवे स्टेशन होगा। सम्बंधित सर्वे आफ इंडिया,रेल मंत्रालय, डाक विभाग, विज्ञान आदि विभागों को सूचित कर दिया गया है।

# लखनऊ में फ्लू जैसी बीमारियों की संख्या में 40 फीसदी की वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में फ्लू जैसी बीमारियों में 40 फीसदी की तेज़ वृद्धि देखी जा रही है, जिससे सरकारी अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है।

पहले जहां रोज़ाना लगभग 700-800 बुखार के मरीज़ आते थे, वहीं अब ओपीडी में लगभग 1000 से ज़्यादा मरीज़ आ रहे हैं और हर दिन लगभग 100 नए मरीज भर्ती हो रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार ज़्यादातर मरीज़ तेज़ बुखार, गले में संक्रमण और मौसमी वायरल लक्षणों से पीड़ित हैं। डॉक्टर इस अचानक बढ़ोतरी का कारण बदलते मौसम को बता रहे हैं, जिससे लोग संक्रमण के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। वायरस, बैक्टीरिया की बढ़ती सक्रियता और दूषित भोजन व पानी के सेवन से भी टाइफाइड, डायरिया और गले में संक्रमण जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। इस मौसम में बच्चे और बुज़ुर्ग खास तौर पर असुरक्षित होते हैं।



बलरामपुर अस्पताल में, ओपीडी के मामले रोज़ाना लगभग 200 से बढ़कर 300 से ज़्यादा हो गए हैं, और आपातकालीन भर्ती की संख्या भी रोज़ाना 10 से दोगुनी होकर लगभग 20 हो गई है। सीएमएस डॉ- हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा, ष्सौभाग्य से, डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले सामने नहीं आ रहे हैं। ज्यादातर मरीज़ों का वायरल फीवर का इलाज चल रहा है। इसी तरह, सिविल अस्पताल में ओपीडी में आने वाले मरीज़ों की संख्या 80.100 से बढ़कर 130.150 हो गई, जबकि भर्ती होने वालों की संख्या 8.10 से बढ़कर 15.20 प्रतिदिन हो गई। बलरामपुर अस्पताल में, ओपीडी के मामले लगभग 200 प्रतिदिन से बढ़कर 300 से ज्यादा हो गए, और आपातकालीन भर्ती की संख्या 10 से दोगुनी होकर लगभग 20 प्रतिदिन हो गई। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा कि सौभाग्य से, डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले सामने नहीं आ रहे हैं। ज़्यादातर मरीज़ों का वायरल फीवर का इलाज चल रहा है। इसी तरह, सिविल अस्पताल में ओपीडी में आने वाले मरीज़ों की संख्या 80.100 से बढ़कर 130.150 हो गई, जबकि भर्ती होने वालों की संख्या 8.10 से बढ़कर 15.20 प्रतिदिन हो गई। सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह मौसम हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस के प्रसार को बढ़ावा दे रहा है।

# डीआईओएस समेत दस अफसरों का वेतन रुका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता दिखाना कई अधिकारियों को भारी पड़ गया।

अगस्त 2025 के मूल्यांकन में जिले का प्रदर्शन सबसे खराब पाए जाने, अधिकतर शिकायतों पर असंतोषजनक फीडबैक आने और स्थलीय निरीक्षण न किए जाने पर मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए डीआईओएस सहित दस अधिकारियों का वेतन रोक दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंभीर नाराज़गी जताते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम (नोडल), प्रभागीय वन अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सदर, मड़ियाहू, शाहगंज, बदलापुर व मछलीशहर के तहसीलदारों समेत कई बीडीओ व नगर निकाय अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दे दिया, इतना ही नहीं, सभी संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण लेकर डीएम कार्यालय में हाज़िर होने का फरमान सुनाया गया है।

## एक नजर

### आह्वान फाउंडेशन ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी 30 हजार राहत किट

**लखनऊ।** गैर सरकारी संगठन 'आह्वान फाउंडेशन' ने उत्तर प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिये 30 हजार राहत किट वितरित करने की पहल की है। इन राहत किटों में चावल, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जिससे परिवार अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें। फाउंडेशन ने मिर्ज़ापुर, वाराणसी और आसपास के बाढ़ प्रभावित ज़िलों में राहत वितरण शुरू कर दिया है, और अब प्रयागराज, बलिया, बहराइच, और मुज़फ्फरनगर जैसे अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों तक अपने प्रयासों का विस्तार कर रहा है। गौरतलब है कि लगातार हो रही भारी वर्षा और नदियों के उफान के चलते राज्य के 17 ज़िलों में गंभीर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुयी है। अब तक 2-45 लाख से अधिक लोग और 30 हजार से ज्यादा मवेशी विस्थापित हो चुके हैं। आह्वान फाउंडेशन के संस्थापक ब्रजा किशोर प्रधान ने कहा कि हर संकट में हमारी पहली प्राथमिकता सबसे कमजोर वर्ग तक समय पर सहायता पहुंचाना होता है। जब कोई परिवार बाढ़ में सब कुछ खो देता है, तो उन्हें सिर्फ भोजन नहीं, यह एहसास भी चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं। हर राहत किट में हम केवल सामग्री नहीं, बल्कि संवेदना, आशा और एकजुटता का एक संदेश लेकर जाते हैं।

# मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद थाने में हंगामा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलाघाट में पड़ोसियों के साथ मारपीट में घायल हुए युवक की मंगलवार को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

इसके बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रामनगर थाने का घेराव किया। सूचना मिलते ही कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव और कोतवाली एसीपी प्रज्ञा पाठक मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को गोलाघाट इलाके में सामान रखने को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया था।

विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें चंदन चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इस मामले में रामनगर पुलिस शुरू से ही जांच में लापरवाही बरत रही है।

# उप्र में तेजी से बढ़ रहा व्यावसायिक व कौशल प्रशिक्षण नेटवर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है जिसका नतीजा है कि घनी आबादी वाले इस राज्य में व्यावसायिक व कौशल प्रशिक्षण नेटवर्क तेजी से अपने पांव पसार रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है और सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाए। 'हर हाथ को हुनर और हर युवा को रोजगार' इसी दृष्टिकोण के तहत प्रदेश में कई कौशल विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। केंद्र सरकार ने 2015 में राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति लागू की थी। योगी सरकार ने इस नीति को जमीनी स्तर तक ले जाकर प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का कार्य किया है।

प्रदेश के सभी जिलों में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, जन शिक्षण संस्थान और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जैसे कार्यक्रम युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार की राह पर अग्रसर कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छह से ही व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करने की पहल को उत्तर प्रदेश में तेजी से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है छात्रों को केवल डिग्री नहीं बल्कि रोजगार योग्य शिक्षा और हुनर मिलना चाहिए।

इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए है जिसमें आईटीआई व पॉलिटेक्निक: इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान विषयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण, ग्रामीण युवाओं को 250 से अधिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण और रोजगार, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों और महिलाओं के लिए प्रशिक्षण, एमएसएमई इकाइयों में युवाओं को शिक्षुता और वजीफे की सुविधा,अशिक्षित और कम शिक्षित वर्गों के लिए प्रशिक्षण आदि शामिल हैं। योगी का मानना है कि कौशल विकास न केवल नौकरी के अवसर बढ़ाता है बल्कि स्वरोजगार की राह भी खोलता है। पर्यटन, आईटी, बैंकिंग, रिटेल और पारंपरिक शिल्प जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी कम करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को तेज गति से लागू किया जा रहा है। उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि युवाओं को उसी तरह का प्रशिक्षण मिले जिसकी बाजार में मांग है।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs:** https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc 48143/12/0007/2526

# यूपी में 17 सितम्बर से चलेगा 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग 17 सितम्बर से दो अक्टूबर के बीच राज्यव्यापी ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार ष्अभियान चलायेगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में संचालित सेवा पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के आम जनमानस को समर्पित होने के साथ ही नारी स्वास्थ्य पर केन्द्रित होगा। उन्होने बताया कि इस अवधि में चरणबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित होगे। इसमें प्रदेश की सभी स्वास्थ्य ईकाइयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की जायेगी। रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें भी उपलब्ध करायी जायेगी।



सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों मेडिकल कालेजों और विशिष्ट चिकित्सालयों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर निरीक्षण एवं अनुश्रवण कराया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि रक्तदान अभियान के दौरान सभी चिकित्सालय भण्डारण क्षमता के अनुरूप ही रक्त का संग्रहण कराये।

## चंद्रशेखर आजाद सेतु 15 दिनों के लिए बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के जिला प्रशासन ने 15 दिनों के लिए इलाहाबाद लखनऊ जोड़ने वाले चंद्रशेखर आजाद सेतु आवागमन के लिए बंद करने का फैसला लिया है।गंगा नदी पर बने इस अहम पुल को मरम्मत के लिए बुधवार 10 सितम्बर से 15 दिन के लिए बंद करने का फैसला लिया गया है लोक निर्माण विभाग द्वारा चंद्रशेखर आजाद सेतु की मरम्मत की जाएगी,15 दिन तक चंद्रशेखर आजाद सेतु पर भारी वाहन और चार पहिया वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे, रोडवेज की बसें और अन्य सभी वाहन परिवर्तित रूटों से जाएंगे।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**रेलगाड़ियों के ठहराव की बहाली**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये गये स्टेशनों पर ठहराव को निम्नानुसार पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | स्टेशन का नाम | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान | तिथि (आरभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12590 | चर्लपल्ली | गोरखपुर | बेल्लमपल्ली | 01:09 | 01.10 | 11.09.2025 |
| 12591 | गोरखपुर | यशवंतपुर | सिरपूर कागजनगर | 08:29 | 08:30 | 13.09.2025 |
| 12592 | यशवंतपुर | गोरखपुर | सिरपूर कागजनगर | 10:54 | 10:55 | 15.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | जम्मीकुंटा | 01:34 | 01:35 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | रामगुंडम | 02:24 | 02:25 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | बेल्लमपल्ली | 03:05 | 03:06 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | पेद्दपल्ली जं. | 22:54 | 22:55 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | जम्मीकुंटा | 23:19 | 23:20 | 10.09.2025 |
| 12751 | हजूर साहिब नांदेड | जम्मू तवी | बसमत | 12:19 | 12:20 | 12.09.2025 |
| 12752 | जम्मू तवी | हजूर साहिब नांदेड | बसमत | 13:44 | 13:45 | 14.09.2025 |
| 16031 | चेन्नै सेंट्रल | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 11.09.2025 |
| 16032 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 12.09.2025 |
| 16093 | चेन्नै सेंट्रल | लखनऊ जं. | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 13.09.2025 |
| 16094 | लखनऊ जं. | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 11.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | रामगुंडम | 00:49 | 00:50 | 13.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | बेल्लमपल्ली | 01:19 | 01:20 | 13.09.2025 |
| 22683 | यशवंतपुर | लखनऊ | मलकाजगिरी | 11:05 | 11:06 | 15.09.2025 |
| 22684 | लखनऊ | यशवंतपुर | मलकाजगिरी | 00:39 | 00:40 | 18.09.2025 |

विस्तृत जानकारी के लिए रेलयात्री कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

2745/25

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पूर्वजों के तर्पण की अनूठी परंपरा का निर्वहन करते हैं बुंदेली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर भारत के बुंदेलखंड में प्रचलित महबुलिया एक ऐसी अनूठी परंपरा है जिसमें घर के बुजुर्गो के स्थान पर छोटे-छोटे बच्चे पितृ पक्ष मे पूर्वजों के तर्पण की प्रक्रिया को सम्पादित करते हैं।

यद्यपि अब यह परम्परा यहां गांवों तक ही सिमट चली है। बुंदेलखंड में लोक जीवन के विविध रंगों में पितृपक्ष पर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भी अंदाज अलग है। पुरखों के तर्पण के लिए यहां पूजन,अनुष्ठान,श्राद्ध आदि के आयोजनों के अतिरिक्त बच्चों ,बालिकाओं की महबुलिया पूजा नई पीघी को संस्कार सिखाने की वजह से बेहद घस है। पूरे पंद्रह दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हर रोज गोधूलि वेला पर पितरों का आवाहन और विसर्जन के साथ इसका आयोजन होता है। इस दौरान यहां के गांवों की गलियां और चौबारों में बच्चों की मीठी तोतली आवाज में महबुलिया के पारम्परिक लोक गीत झंकृत हो उठते हैं। समूचे विंध्य क्षेत्र में लोकपर्व की मान्यता प्राप्त महबुलिया की पूजा का भी अपना अलग ही तरीका है। बच्चे कई समूहों में बंटकर इसका आयोजन करते हैं। महबुल को एक कांटेदार झाघ में रंग बिरंगे फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है और फिर विधिवत पूजन के उपरांत उक्त सजे हुए झाघ को बच्चे गाते बजाते हुए गांव के किसी तालाब या पोखर में ले जाते हैं-जहां फूलों को कांटों से अलग कर पानी में विसर्जित कर दिया जाता है। महबुलिया के विसर्जन के उपरांत वापसी में यह बच्चे राहगीरों को भीगी हुई चने की दाल और लाई का प्रसाद बांटते हैं। ज्ञातव्य है की प्रसाद सभी बच्चे अपने घरों से अलग अलग लाते हैं। जगनिक शोध संस्थान के सचिव डॉ वीरेंद्र निर्झर बताते है कि महबुलिया को पूरे बुंदेलखंड में बालिकाओं द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। हर रोज जब अलग अलग घरों में महबुलिया पूजा आयोजित होती है तो उसमें घर की एक वृद्ध महिला साथ बैठकर बच्चों को न सिर्फ पूजा के तौर तरीके सिखाती बल्कि पूर्वजों के विषय में जानकारी देती हैं। इसमें पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रदर्शन के साथ सृजन का भाव निहित है। झाघ में फूलों को पूर्वजों के प्रतीक के रूप में सजाया जाता है जिन्हें बाद में जल विसर्जन कराके तर्पण किया जाता है। दूसरे नजरिये से देखा जाए तो महबुलिया बच्चों के जीवन मे रंग भी भरती है। इसके माध्यम से मासूमों में धार्मिक एवं सामाजिक संस्कार पैदा होते हैं। उनको फूल पत्ती वनस्पतियों तथा रंगों से परिचित कराने के साथ साजसज्जा करना भी सिखाया जाता है। डा वीरेंद्र कहते है कि बुंदेली लोक जीवन के विविध रंगों में महबुलिया बिल्कुल अनूठी परंपरा है जो देश के अन्य हिस्सों से बिल्कुल अलग है। इसमें बेटियों के महत्व को प्रतिपादित किया गया है और उसे खुशियों का केंद्र बिंदु बनाया गया है। पितृपक्ष में बुजुर्ग जहां सादगी के साथ पुरखों के पूजन तर्पण आदि में व्यस्त रहते हैं और घर माहौल में सन्नाटा पसरा रहता है तब महबुलिया पूजन के लिए बालिकाओं की चहल पहल खामोशी तोघ्ती है तथा वातावरण को खुशनुमा बनाती है। सरस्वती वर्मा ने कहा कि सदियों पूर्व से प्रचलित परम्परा की शुरुआत कब हुई इस बात का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। मान्यता है कि पूर्व में कभी महबुलिया नाम की एक वृद्ध महिला थी जिसने इस विशेष पूजा की शुरुआत की थी। बाद में इसका नाम ही महबुलिया पघ गया। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में सांस्कृतिक मूल्यों के तेजी से ह्वास होने के कारण महबुलिया भी प्रायघ विलुप्त हो चली है। सामाजिक कार्यकत्री सरस्वती वर्मा बताती है कि मामुलिया के प्रथम चरण में बालक बालिकायें पूर्वाभिमुखी दीवार पर भित्ति आलेखन गोबर से करती हैं।

# बिल्सी पुलिस ने पकड़े दो बाइक चोर, सात बाइक हुई बरामद

## बाइकों को पंजाब और हिमाचल प्रदेश से चोरी करते थे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान शाहबाद-कछला हाइवे पर स्थित बेहटा गुंसाई तिराहा के पास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की सात मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दो आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक-प्रशिक्षु सीओ गौरव उपाध्याय ने जानकारी देते हुए।

बताया आठ सितंबर को पुलिस बेहटा गुंसाई तिराहा के पास चौकिंग कर रही थी, इसी दौरान दो व्यक्ति संदिग्ध लगे, पुलिस ने उक्त लोगों से गहनता से पूछताछ की तो, उनके कब्जे से चोरी की गई सात मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद जेल भेजा है।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बाइक चोरी कर बिल्सी क्षेत्र में सस्ते दामों में बाइक को बेच देते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजेश पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम अंबियापुर थाना बिल्सी तथा दूसरे आरोपी ने अपना नाम अशोक बाबू पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम उरैना थाना वजीरगंज बताया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल मनोज कुमार सिंह के अलावा एसआई संजीव कुमार सिंह, सुंदरपाल सिंह, आदेश कुमार, आकाश चौधरी आदि शामिल रहे।

# सिगोई में डेढ़ माह से नहीं आ रहा सफाई कर्मचारी, गांव में गंदगी के लगे अंबार



> गांव में गंदगी फैली हुई है काफी समय से कोई सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है बरसात के मौसम में गंदगी होने से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है जल्द सफाई होनी चाहिए। **ग्रामीण संदीप कुमार**

> गांव की गलियों में गंदगी से दुर्गंध आ रही है निकलना मुश्किल हो गया है कोई सफाई कर्मचारी सफाई करने नहीं आता है जिससे गंदगी के ढेर लगे हुए हुए हैं गांव पर जल्द सफाई कर्मचारी को भेजकर सफाई कराई जाए। **ग्रामीण गंगा सिंह**

> प्रधान से पूछने पर पता लगा कि गांव में दो महिला सफाई कर्मचारी तैनात हैं लेकिन कोई भी सफाई करने नहीं आती है।
> प्रधान द्वारा प्राइवेट लड़का लगाकर सफाई कराई जाती है या फिर ग्रामीण खुद सफाई करने को मजबूर हैं। गांव जल्द सफाई कराई जाए। **ग्रामीण सुनील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** इस समय अधिकांश गांवों में सफाई व्यवस्था को लेकर हाहाकार मचा हुआ है बरसात के मौसम में गांवों की गलियों का बुरा हाल है सफाई कर्मचारी गांव में सफाई करने नहीं पहुंच रहे हैं वह ब्लाक पर रहकर या तो बाबूगिरी कर रहे हैं या फिर माननीयों के यहां चाय ,पानी पिला रहे हैं । ऐसा ही एक मामला सालारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिगोई का सामने आया है जहां दो महिला सफाई कर्मचारी तैनात हैं । जिसमें एक महिला सफाई कर्मचारी गांव में लगभग चार वर्ष से नहीं गई है उसका भाई एक माननीय के यहां चाय और पानी पिला रहा है और वह घर बैठे वेतन ले रही है ।दूसरी महिला सफाई कर्मचारी गांव डेढ़ महीने से सफाई करने नहीं गई है गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल पड़ी है नालियों कीचड़ से बजबजा रही है गंदगी के अंबार लगे हुए हैं ग्रामीणों ने जल्द सफाई कराने और सफाई कर्मचारी की मांग की है। एडीओ पंचायत बोले हमारे पास नहीं है सफाई कर्मचारियों की मूल तैनाती वाली सूची जिला मुख्यालय से लेकर बताते हैं कौन कहां है तैनात है। एडीओ पंचायत शिवकुमार से बात करने पर बताया कि हमारे पास सफाई कर्मचारीयों की मूल तैनाती वाली सूची नहीं है सूची जिले से लेने के बाद बताएंगे कौन सफाई कर्मचारी कहां तैनात हैं।कहा एक दर्जन सफाई कर्मचारीयों का वेतन रोका गया है जो इधर उधर संबध चल रहे हैं ।सिगोई पर कोई सफाई कर्मचारी तैनात हैं अभी ग्राम पंचायत खाली चल रही है । गालियों में कीचड़ भरी हुई है पानी रास्ते में बह रहा था जिससे निकलने में दिक्कत होती है पानी के बीच ईंटे रखकर निकलने को मजबूर हैं कभी कभार गिर भी जाते हैं । बहुत समय से गांव में कोई सफाई करने नहीं आया है ।

# स्टाफ नर्स हुई बेहोश, अस्पताल में भर्ती, व्यवस्थाएं फेल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में तैनात स्टॉफ नर्स पीएनसी वॉर्ड में ड्यूटी कर रही थी ड्यूटी करते समय बेहोश हो गई। बताया जाता है कि लता चौहान स्टॉफ नर्स महिला अस्पताल में तैनात है वह कई दिनों से बीमार थी सीनियर अधिकारियों से छुट्टी मांग रही थी सीएमएस अपनी हठधर्मिता के चलते छुट्टी नहीं दे रही थी ,छुट्टी न मिलने के कारण स्टाफ नर्स अपना उपचार नहीं कर पा रही थी जिसकी बजह से तनाव में आकर बेहोश हो गई। स्टाफ नर्स बेहोश होने पर महिला अस्पताल में कोई इंस्ट्रूमेंट नहीं मिल पाए गए जिससे उसे प्राथमिक उपचार मिल जाता। आनन फानन में डॉ दिनेश यादव एनेस्थीसिया और गौरव यादव ने गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां स्टाफ नर्स का उपचार चल रहा है महिला अस्पताल में एक स्टॉफ नर्स के बेहोश होने और अस्पताल की व्यवस्थाओं के फेल होने की ओर इशारा करता है। इस घटना का अर्थ है कि अस्पताल में मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं में कमी है, जिसके कारण कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ जाता है और वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ हो जाते हैं। सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ शोभा अग्रवाल से इस संबंध फोन से संपर्क किया तो फोन नहीं लगा।

# डीएम ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को किया आश्वस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील सदर अन्तर्गत ब्लॉक कादरचौक के ग्राम जैतपुर पुख्ता, जोरी नगला मजरा सुंदरयान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ है। किसी भी विषम स्थिति में तत्काल मदद पहुंचाई जाएगी। वर्तमान में स्थिति सामान्य व नियंत्रण में है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ ग्रामों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए निर्देशित किया कि गाँव में किसी भी परिवार को भोजन, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं व अन्य आवश्यक सामग्रियों की कमी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए कि। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, मेडिकल टीमों को गाँव-गाँव भेजने एवं साफ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलजुलकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता लेने व सूचना देने के लिए सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। इस अवसर एडीएम एफआर वैभव शर्मा, एसडीएम सदर सहित अन्य विभागीय अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मक्का की बोरी भरा ट्रैक्टर ट्राला पलटा, बड़ा हादसा टला



## कई घंटों तक बिसौली आसफपुर मार्ग बाधित रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली से शाहबाद की ओर जाने वाला एक मक्का की बोरी भरा ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला अचानक रास्ते में पलट गया जिससे आसफपुर से बिसौली मार्ग पर आने जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली , ट्रक , डबलटेकर बसें , छोटा हाथी , तिर्री व दुपहिया वाहन कई घंटों तक जाम में फंसे रहे । बताया जा रहा है कि मक्का की बोरी भरा ट्रैक्टर ट्राला बिसौली से शाहबाद की ओर जा रहा था कि अचानक बिसौली आसफपुर मार्ग पर गांव मलखानपुर के समीप ट्रैक्टर ट्राला पलट गया जिससे बड़े ट्राला में बेशुमार भरी मक्का की बोरियां सड़क व सड़क किनारे खाई में फैल गई । यह आकस्मिक वाकिया मंगलवार शाम करीब पांच बजे का बताया जा रहा है । हालांकि गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

# बिसौली में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों संग की बैठक



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को किराना व्यापार मंडल के सहयोग से खाद्य कारोबारियों के साथ एक बैठक हुई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माता शंकर बिंद ने बैठक में व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उनकी समस्याओं को भी सुना गया और उनका निराकरण किया गया। बैठक में किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, विपुल, पुलकित कपिल, दीपक, संजीव कुमार, सुचित, विवेक, अंकुश, रोहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# इस संसार में बुराई का कोई भी साथ देना नहीं चाहता है: रामायणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में श्रीराम-कृष्ण समिति की ओर से आयोजित भगवान राम की कथा के आठवें दिन कथावाचक अयोध्यादास रामायणी महाराज ने भगवान राम और रावण के युद्ध का वर्णन करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति बुराई का ज्यादा दिनों तक साथ नहीं दे पाता है। एक न एक दिन लोग बुराई का साथ छोड़ जाते हैं। इसलिए रावण के भाई विभीषण ने भी बुराई का साथ छोड़ते हुए भगवान राम के चरणों में शरण ली थी। स्वामी जी ने जीवन में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि कि सत्य बोलना और क्षमा करना, बड़ों की सेवा करना कभी खाली नहीं जाता है। इसका फल जीवन में अवश्य ही मानव को मिलता है। इसलिए मानव को इनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए। इससे पहले कथावाचक ने धनुष भंग, केवट-राम संवाद आदि प्रसंगों पर भी विस्तार से चर्चा की। रामकथा में पहुंचे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भगवान राम की आरती उतारी। जिसके बाद यहां सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर चौयरपर्सन ज्ञानदेवी सागर, हर्षित चौधरी, चंद्रपाल तोष्णीवाल, नरेंद्र गरल, लो. केश वार्ष्णेय, नीरज माहेश्वरी, आशीष वाशिष्ठ, सत्यपाल वार्ष्णेय, दुर्गेश बाबू वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



बिल्सी में रामकथा का आठवां दिन

## एक नजर

# मंडी सचिव का धूमधाम से हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मंडी सचिव बिसौली इस्लामनगर हिम्मत सिंह सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में विदाई समारोह



कार्यक्रम रखा जिसमें क्षेत्र के व्यापारी मौजूद रहे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर राजपाल गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी मंगलवार के दिन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मंडी सचिव हेमंत सिंह सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह रखा जिसमें उप जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे रिपुदमन सिंह व्यापारियों ने उप जिला अधिकारी को सम्मानित किया क्षेत्र के व्यापारियों में एक-एक करके विदाई समारोह में सभी अधिकारियों को सम्मानित किया उप जिला अधिकारी रिपुदमन सिंह ने सेवानिवृत्त मंडी सचिव हिम्मत सिंह को सम्मानित राजपाल गुप्ता ने दूर से आए व्यापारियों का स्वागत किया।इस दौरान मौजूद रहे विकास कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष ,कपिल कुमार वार्ष्णेय मोहित,अन्नी, आमोद वार्ष्णेय दाल मिल, अरशद, अंकित, पंचू वार्ष्णेय, देवेश नाथ, पंकज, आदि व्यापारी मौजूद रहे।


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन / सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222

धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078

आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786

बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152

अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639

बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 94118 272 21


# नुमान जी का दरबार करुणा का सागर है: ललितेश्वर महाराज

**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** गुधनी स्थित पावन स्थल बालाजी बल्देवधाम में मंगलवार को बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजा। दरबार में दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हनुमान भक्ति में लीन होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 ललितेश्वर महाराज ने कहा जो हृदय से बालाजी का स्मरण करता है, उसके जीवन के तमाम संकट क्षणभर में समाप्त हो जाते हैं।

हनुमानजी का दरबार करुणा का सागर है, यहाँ आने वाला कोई भी भक्त खाली नहीं लौटता। दरबार में कई भक्त चीखते - चिल्लाते आए और बाला. जी महाराज के आशीर्वाद से उनके कष्ट पलभर में दूर हो गए। इस अलौकिक दृश्य के साथ पूरा धाम जय सियाराम, जय हनुमान, जय बालाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने कहा इस दरबार में आकर आत्मा को अद्‌भुत शांति और मन को असीम शक्ति मिलती है। पूरा मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के स्वर से दिनभर गुंजायमान रहा।

# शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सच्ची धुरी है: संजय गर्ग




**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रोटरी एवं इनरव्हील क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान समारोह में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को अंग वस्त्र व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट संजय गर्ग ने कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सच्ची धूरी है। वह केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि बच्चों के जीवन में संस्कार और दिशा भी देते हैं। सचिव मुदित अग्रवाल ने कहा कि आज का यह सम्मान वास्तव में हमारे शिक्षकों के योगदान को नमन करने का छोटा सा प्रयास है। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी ने कहा कि समाज में शिक्षकों का स्थान देव तुल्य है। सचिव भारती अग्रवाल ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षक प्रतिभा अग्रवाल, सुनील मिश्रा, राम भरोसे लाल शर्मा, सतीश चंद्र वार्ष्णेय, चंचल ठक्कर, सरोज वाला, देवपाल शर्मा, नाथू लाल शर्मा, रोशन लाल, सतपाल मिश्रा, ओम हरि शर्मा को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुदित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव मुदित अग्रवाल, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर सुविधा माहेश्वरी, सचिव भारती अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉक्टर मनोज माहेश्वरी, विनय शर्मा, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, देवेंद्र चौहान, आलोक गर्ग, ममता अग्रवाल, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 25 तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई से सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 10 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियां को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहू, 21 किग्रा फोर्टीफाइड चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारको के मध्य 02 किग्रा गेहूं तथा 03 किग्रा फोर्टीफाइड चावल प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। उन्होंने अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए की प्रति किग्रा की दर से 54 रुपए में वितरण सुश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी वह अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्यान एवं चीनी के वितरण, प्रचार-प्रसार, सत्यापन व उठान के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# 2047 में जनपद और प्रदेश कैसा हो, जनपदवासी 5 अक्टूबर तक दें सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाने के लिए शासन स्तर से 500 प्रबुद्धजनों का चयन किया गया तथा उन्हें लखनऊ में ही प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रबुद्धजनों द्वारा लक्षित समूह से वार्ताकर उनके सुझाव लिए जा रहे हैं। जन सहभागिता के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाया जाएगा। यह जानकारी जनपद के नोडल अधिकारी व आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल ने दी। विकास भवन स्थित सभागार में मीडिया से सुझाव लेने के सम्बंध में आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कैसा हो, जनपद बदायूं 2047 में कैसा हो, इसके लिए उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह बारकोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि कार्यशाला में मीडिया ने अच्छे सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा की देश व प्रदेश व बदायूं वर्ष 2047 में कैसा हो इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक परिवार से सुझाव प्राप्त हों, वर्ष 2047 में जनपद व प्रदेश कैसा हो व जनपदवासी कैसे जनपद व प्रदेश की परिकल्पना करते हैं, इसके लिए वह अपने सुझाव आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक बारकोड स्कैन पर वेबसाइट ीजजचरू//ेंउंतजीनजजंतचतंकमेी.नच.हवअ.पद पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा के अच्छे सुझाव देने वालों को पुरस्कार भी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कार्यशाला की मूल भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनपद, उत्तर प्रदेश व देश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरों पर भी गोष्ठियों का आयोजन कर सुझाव लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बारकोड चस्पा किया जाएगा ताकि ग्रामीण भी अपने सुझाव इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए दे सकें। उन्होंने बताया कि प्रबुद्धजनों व नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों ने लक्षित समूह जैसे उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा के अध्यापक व छात्र-छात्राओं, गैर सरकारी संगठनों(एनजीओ), स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, उद्यमी व व्यापारी, श्रमिक संगठन, इंजीनियरिंग व मेडिकल के अध्यापक व छात्र-छात्राएं, कृषि क्षेत्र से जुड़े कृषक, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि वैज्ञानिक व मीडिया तथा आमजन से सुझाव लिए जा रहे हैं। कार्यशाला के दौरान मीडिया द्वारा ग्रामों में सड़कों का सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन, ग्रामीण स्तर पर छोटे उद्योग खोले जाने, कृषि का उन्नयन व विकास, कृषि विविधीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत व संगीत पर कार्य हो, संगीत अकादमी खोली जाए, शेखूपुर चीनी मिल का विस्तार व क्षमता वृद्धि, नदियों का जीर्णाद्धार आदि विभिन्न सुझाव मीडिया द्वारा दिए गए। गोष्ठी के दौरान प्रबुद्धजन प्रो0 संतोष अरोरा, डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व राजेश कुमार सिंह ने सरकार की मंशा से सभी को अवगत कराया तथा मीडिया को राष्ट्रनिर्माण की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए अभियान की सफलता में उनके अपेक्षित सहयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरांत नोडल अधिकारी व प्रबुद्धजनों को डीएम व सीडीओ ने स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्धजन रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की प्रोफेसर संतोष अरोरा, कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता यू0पी0पी0सी0एल0 राजेश कुमार सिंह व सहायक आयुक्त राज्यकर आकांक्षा पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तीन किलो अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे

■ विदेशी फोन नंबर पर करते थे डील



**अमेरिका व यूके का फर्जी नंबर बनाकर करते थे डील**

आरोपी अफीम तस्कर यूके का नंबर बनाकर व्हाट्सएप चौट व कॉलिंग कर अफीम की डील करते थे। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी अफीम तस्कर यूके (अमेरिका) का नंबर ऑनलाइन जनरेट करके इस नंबर पर व्हाट्सएप बनाते थे। व्हाट्सएप के जरिए वह अफीम के खरीद-फरोख्त से संबंधित काम करते थे, लेकिन पुलिस के आगे उनकी न चली।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक होटल के आगे घेराबंदी कर मादक पदार्थ की बिक्री करने के लिए खड़े दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन किलो अफीम, एक लग्जरी कार, मोबाइल फोन, एक बाइक बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को एनडीपीएस न्यायालय में सोमवार को पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसमें से एक आरोपी पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

फरीदपुर थाने के इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि उनकी मौजूदगी में उप निरीक्षक लोकेश तोमर सहित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार शाम बरेली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरीदपुर में राजमहल होटल के आगे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वह मादक पदार्थ की बिक्री करने के लिए खड़े थे।

पुलिस टीम ने कस्बे के मोहल्ला भूरे खां गोटिया निवासी फिरोज व इमरान को गिरफ्तार किया है। तस्कर फिरोज पर बरेली के थाना बारादरी व फरीदपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, इमरान पर फरीदपुर थाने में एक मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से तीन किलो अफीम, कार, बाइक व मोबाइल बरामद किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# लोगों पर अत्याचार करने वाले दो भाईयों को किया कुरैशी बिरादरी से निष्कासित

■ जानलेवा हमले में बिरादरी से निष्कासित दोनों भाईयों समेत चार हुए हैं नामजद, पुलिस की रैड, आरोपी फरार



पंचायत का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** लोगों पर जुल्म-अत्याचार करने वालों पर कानून का शिकंजा कसने के अलावा बिरादरी का शि. कंजा कसने लगा है। नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा मुंडिया जागीर में कुरैशी बिरादरी के लोगों पर जुल्म करने वाले दो सगे भाईयों को बिरादरी से निष्कासित करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया है।

कस्बा मुंडिया जागीर निवासी अशरफ कुरैशी, रहीसा कुरैशी दोनों सगे भाईयों के अलावा रहीसा कुरैशी के पुत्र इस्लाम कुरैशी और अलीम कुरैशी पर मुंडिया जागीर निवासी मोहम्मद आसिफ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उक्त लोगों ने उस पर जानलेवा हमला किया है, जिससे वह बाल-बाल बच गया। इस रिपोर्ट के बाद देवरनियां कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के घर रैड मारी थी, मगर वह हत्थे नहीं चढ़े।

सोमवार रात कुरैशी बिरादरी की बैठक मुंडिया जागीर कस्बे में हुई, जिसमें गणमान्य लोगों ने ऐतिहा. सिक फैसला करते हुए कुरैशी बिरादरी के छोटे-बड़े लोगों पर कई वर्षों से जुल्म करते आ रहे अशरफ कुरैशी, रहीसा कुरैशी, सईदा कुरैशी के परिवारों को कुरैशी बिरादरी से निष्कासित करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। बिरादरी के गणमान्य लोगों ने यह कदम निष्कासित लोगों के अत्याचार से तंग आकर किया है। फैसला सुनाने वाले गणमान्य लोगों में मोहम्मद मियां कुरैशी, हाजी इरशाद कुरैशी, ललुआ कुरैशी, हाजी शरीफ कुरैशी, असलम कुरैशी सब्जी वाले, अब्दुल वहीद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

**फैसला की हो रही हर तरफ चर्चा**

कुरैशी बिरादरी का यह फैसला ऐतिहासिक है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। इस फैसले से साफ संदेश देने की कोशिश की गई है कि समाज में अत्याचार करने वालों के साथ ऐसा ही होना चाहिए।

## एक नजर

### युवक ने फहरा दिया उल्टा तिरंगा पुलिस ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक युवक ने उल्टा तिरंगा लगा दिया, एक संगठन ने एक्स पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव में डीजे के पीछे पाकिस्तानी झंडा लेकर जा रहे हैं, और आतंकी गाने बजाते हुए जा रहे हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पाया कि एक युवक ने जान बूझकर उल्टा तिरंगा लगा दिया है। जिसपर थाने के एसआई ने उसके खिलाफ थाना हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

चार दिन पूर्व सोशल मीडिया के अखण्ड भारत संकल्प अकाउंट से एक्स पर हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुवावट में डीजे के पीछे पाकिस्तानी झंडा ले जाने आतंकी नारेबाजी का गाना बजाते हुए जाने, और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान करते हुए कई घरों में धार्मिक ध्वज ऊपर और तिरंगा नीचे लगाने की शिकायत की गयी थी। जिसपर थाना हाफिजगंज के एसआई सतेन्द्र कुमार ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि गांव के दूल्हे ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को जानबूझकर उल्टा फहरा रखा है। जिसमें केसरिया रंग नीचे और हरा रंग ऊपर की ओर है। जबकि जांच पड़ताल के दौरान अन्य सभी आरोप सही नहीं पाए गए। जिसपर एसआई सतेन्द्र कुमार ने दूल्हे के खिलाफ थाना हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### 36 घंटे से थाने में बैठी है बरामद किशोरी नहीं हुआ मेडिकल और बयान दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

मां ने एसएसपी से लगाई मदद की गुहार

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, आरोप है कि किशोरी का धर्म परिवर्तित कराए जाने को लेकर किशोरी की मां ने दो दिन पहले घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के अगले दिन पुलिस ने मुस्लिम युवक के साथ ही किशोरी को बरामद कर लिया था। आरोप है कि पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट में न तो पॉक्सो एक्ट की धारा ही जोड़ी है, और न ही धर्म परिवर्तन की धारा को बढ़ाया गया है। इतना ही नहीं आज किशोरी को कोतवाली में बैठे 36 घंटे हो गए हैं, न तो उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है, और न ही उसके 164 के ब्यान दर्ज कराए गए हैं। किशोरी की मां ने मंगलवार को एसएसपी को शिकायत करते हुए इस मामले में धाराओं को बढ़ाए जाने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर पर बने आवासों पर अवैध रूप से जमें हैं कर्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

सरकार को लगा रहे हैं हजारों रुपये राजस्व का चूना

**नवाबगंज।** कस्बे में बने लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर पर राजस्व कर्मियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर सरकार को हर माह हजारों रुपए राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। तहसील प्रशासन इस ओर से आंखे फेरे हुए है। कस्बे के रामलाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर इसकी जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

आरोप है कि तहसील के एक संग्रह सेवक तीन-तीन आवासों पर कब्जा जमाए बैठे है, हाल ही में लगे एक संग्रह अमीन को आवास आवंटन किए जाने के बाद भी अभी तक आवास नहीं मिल पाया है। कस्बे के गुलशन नगर के रहने वाले रामलाल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव, राजस्व परिषद अध्यक्ष, मण्डल आयुक्त, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन के साथ ही एसडीएम को शिकायती पत्र भेजकर लेखपाल ट्रेनिंग पर बने सरकारी आवासों पर कई कर्मियों द्वारा बिना आबंटन के कब्जा कर लाइट पानी का इस्तेमाल कर सरकार को हजारों रुपए राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आरोप है कि कई ऐसे कर्मी आवासों पर कब्जा जमाए हैं जिनके आवास नगर में बने हैं, लेकिन वह सरकारी आवासों में रहकर सरकार को चूना लगा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने नियम विरूद्ध बिना आदेश के आवासों में रहने वाले कर्मियों की जांच कर कार्यवाही किए जाने के साथ ही सेंटर पर कितने आवास बने हैं और कितने आवंटित किए गए हैं, सबका ब्योरा तलब किए जाने की मांग की है।

# भूमि बंधक होने का कारण लिख कर दाखिल खारिज की पत्रावली निरस्त

■ ग्रामीण ने एसडीएम से की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** तहसील में एक नया मामला सामने आया है। एक ग्रामीण की दाखिल खारिज की पत्रावली को भूमि बंधक दिखाकर निरस्त कर दिया गया, जबकि किसान ने सारा ऋण जमा करने के बाद भारमुक्त प्रमाण पत्र भी दाखिल किया था। किसान ने इस मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

क्षेत्र के गांव ठिरिया बन्नोजन के किसान सोनू गंगवार ने क्षेत्र के गांव चितियापुर में 23.6.2025 को कुछ जमीन क्रय की थी, जिसकी दाखिल खारिज की पत्रावली नायब तहसीलदार कोर्ट में लगी थी, जिसमें 28 अगस्त की तारीख नियत की गई थी। दाखिल खारिज की इस पत्रावली के साथ ही किसान ने भूमि पर लिए गए ऋण को जमा करने का भारमुक्त प्रमाण पत्र भी दाखिल किया था। आरोप है कि उसके बाद भी उनकी पत्रावली भूमि बंधक होने के कारण निरस्त कर दी गई, जिससे किसान को खासी ठेस पहुंची। किसान ने इस मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए इसकी जांच कर कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# लोक निर्माण विभाग का कारनामा

■ कागजों में गड्ढा मुक्त कर दी गई सड़क

■ सड़क पर अभी भी गहरे गड्ढे, रास्ता चलना भी हुआ मुश्किल



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे दुर्घटना की निमंत्रण दे रहे है कभी भी हादसा हो सकता है चेयरमैन द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2025 को लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर सड़क निर्माण की मांग की गई थी। सड़क निर्माण तो नहीं हुआ, लेकिन लोकनिर्माण विभाग ने कागजों में सड़क का पैच/मरम्मत कार्य पूरा करना दिखाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब 28 अगस्त 2025 को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने सड़क का पैच/ मरम्मत कार्य कराकर सड़क गड्ढा मुक्त कर दिए जाने का पत्र चेयरमैन नीलोफर के कार्यालय भेजकर अपना जवाब दिया।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली अड्डा बाल्मीकि मंदिर से बिलासपुर बस अड्डा स्वागत द्वार तक मुख्य सड़क की लंबाई करीब डेढ़ किमी है। इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है। सड़क पर रास्ता चलना भी मुश्किल हो गया है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, सवाल उठता है कि जब लोक निर्माण विभाग ने सड़क का पैच/ मरम्मत कराकर सड़क गड्ढा मुक्त कर दी तो फिर गड्ढे कहां से आ गए।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा काग. जों में ही सड़क का पेच /मरम्मत करना दिखाकर जनता के साथ धोखा किया है। जब सड़क का पैच/ मरम्मत का कार्य कराकर सड़क को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है तो फिर सड़क गड्ढा युक्त कैसे हो गई पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाने से समस्या और भी गंभीर हो गई है। लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। हमने प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता विकास, मुख्य अभियंता लोकनिर्माण विभाग, मंडला आयुक्त को इस मामले की लिखित शिकायत भेजकर जांच की मांग की है।

**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगर पंचायत शीशगढ़**

# कार्यकर्ता आराम त्यागें सक्रिय हों: सकलैनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** जिला कांग्रेस के कमांडर इन चीफ अशफाक सकलानी ने कहा है कि कार्यकर्ता सक्रिय हों और अभी से चुनाव अभियान में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा से देश की जनता ऊब चुकी है और हसरत भरी निगाह से कांग्रेस को टकटकी लगाए देख रही है।

युवा नेता हुजैफा पठान के निवास पर नाश्ते के दौरान उन्होंने दैनिक शाह टाइम से उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने नेता राहुल गांधी के निर्देश पर जनजागरण पर निकले हुए हैं। बोले हमारे कार्यकर्ता जोश और जज्बे से लबरेज हैं, जनता अब भाजपा को नहीं चाहती है। कांग्रेस के इस जांबाज सिपाही ने कस्बे का भ्रमण किया और कहा कि देश के युवा वर्ग ने बदलाव लाने की ठान ली है, और हमारे नेता राहुल गांधी लगातार सरकार की पोल खोलने को जुटे हैं। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद जकी ने कहा कि हमारे नेता अपनी सभाओं में जब कहते थे, सरकार तो जनता आवाज लगाती थी चोर है। आज उनकी यह बात चरितार्थ हो रही है। युवा नेता हुजैफा पठान ने कहा कि हम अपने बूथों पर गहरी नजर रखेंगे।नगर कांग्रेस के अध्यक्ष शबाब अली खान ने अध्यक्ष श्री सकलैनी को आश्वस्त किया। कमरुद्दीन सैफी, वीना जयसवाल, डॉक्टर शमशुल, योगेश जयसवाल, नईम अहमद आदि मुख्य थे।

# गांव के खेल मैदान से अतिक्रमण हटाए जाने की ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में बच्चों के खेलने के लिए खेल मैदान छोड़ा गया था, जिसपर गांव के कुछ लोगों ने राजस्व कर्मियों से मिलकर उसपर अतिकर्मण कर लिया है। खेल मैदान पर अतिक्रमण किए जाने से गांव के खिलाड़ी खेलने से तो वंचित हो ही रहे हैं, साथ ही सरकार के आदेशों को भी यह चूना लगा रहे हैं।

विकास क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में गाटा संख्या 344 जो कि खेल के मैदान के नाम से सुरक्षित है, उक्त खेल के मैदान पर कभी गांव के मेधावी छात्र खेलते थे, लेकिन आज इस खेल के मैदान पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर उसपर अतिक्रमण कर लिया है।

गांव के अफसार, नबी हसन, इतवारी, बसरूदीन, बिलाल, अशरफ, दिलशाद, नन्हे, इशहाक, तस्लीम, इकबाल, रिजवान, अमीर अहमद, तफसीर अहमद, आरिफ, शहीद अहमद, फरान, कलीम आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर गांव के इस खेल के मैदान की पैमाईश कराकर तत्काल ही खेल के मैदान से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने मण्डल आयुक्त, जिलाधिकारी के साथ ही उपजिलाधिकारी को भी इसकी प्रति भेजते हुए तत्काल ही गांव के इस खेल के मैदान से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। इस बारे में ग्राम के लेखपाल आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अभी जल्द ही ग्राम में तैनात हुए हैं, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

इतना कहते ही उन्होंने फोन काट दिया, और फिर बार-बार कॉल करने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया।

### लोडर चालक की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल



शाह टाइम्स ब्यूरो

बीड़ी न देने पर फावड़ा मारकर ली थी जान

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के सेक्टर रोड बाजार मोहल्ला स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर अब्दुल हमीद (50 वर्ष) की हत्या के आरोपी सहरोज को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है। सोमवार रात शराब पीने के लिए रुपये और बीड़ी न देने पर सहरोज ने फावड़े से हमला कर अब्दुल मजीद की हत्या कर दी थी।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने मीडिया को बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव उड़ला जागीर निवासी अब्दुल हमीद लोडर वाहन से रेता बजरी ढोने का काम करते थे। वह सोमवार रात आठ बजे सेक्टर रोड बाजार मोहल्ला स्थित जावेद खां की बिल्डिग मैटेरियल की दुकान पर अपने बेटे नदीम के साथ रुपये देने गए थे।

इसी दौरान कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया निजावत निवासी सहरोज उनसे बीड़ी और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। मना करने पर फावड़े से सीने पर प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि मृतक के बेटी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित, नशे में अक्सर झगड़ता था आरोपी

घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गया है। पुलिस ने इसे सुरक्षित कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सहरोज शराब का आदी था। अक्सर वह लोगों से नशे में रुपये मांगता था और मना करने पर झगड़ता था। अब्दुल हमीद से पहले भी वह रुपये मांग चुका था। हर बार मना करने के कारण रंजिश रखता था। इसी रंजिश में सोमवार रात उसने फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# हुजूर फतेह अजमेर सय्यद मरगूब आलम जाफरी मदारी के कुल की हुई रस्म अदा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** मंगलवार को कुल शरीफ के साथ उर्स-ए-मदारी संपन्न हो गया। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे थे। उन्होंने मुल्क के अमन और तरक्की के लिए दुआएं की। कुल शरीफ से पहले दरगाह पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने चादरपोशी की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों ने हमेशा इंसानियत का पैगाम दिया है। इसीलिए दरगाहों पर सभी धर्म के अकीदतमंद फैजयाब होने के लिए पहुंचते हैं। इसके बाद दरगाह प्रमुख डॉ.सय्यद इंतखाब आलम जाफरी से मुलाकात की। सपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पैगाम सुनाया।

कुल में उलमाओं ने कहा कि एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को शिक्षा दिलाएं

शहर के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के परतापुर चौधरी में स्थित दरगाह हजरत सय्यद मरगूब आलम जाफरी का तीसरा सालाना उर्स था। उर्स के मुबारक मौके पर उलमाओं ने बच्चों को तालीम दिलाने की सलाह दी। बोले एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को अच्छे शिक्षण संस्थान में शिक्षा दिलाएं। उलमाओं ने मुसलमानों को नमाज और जकात का पैगाम दिया।

बोले नमाज और जकात को कायम करें। इस्लाम में नमाज की छूट नहीं है। डॉ.सय्यद इंतखाब आलम जाफरी ने जायरीन के लिए दुआएं की। इसके बाद अगले वर्ष उर्स में शामिल होने की बात कही।

इस दौरान समाजवादी पार्टी की तरफ से महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी के साथ पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल ने दरगाह पहुंचकर चादरपोशी की। और उसके बाद मुल्क की तरक्की व अमन की दुआ मांगी। सपा नेताओं के साथ दरगाह फातेह अजमेर के प्रबंधक डॉक्टर सय्यद इंतेखाब आलम जाफरी मदारी भी मौजूद रहे। सपा नेताओं ने सज्जादानशीन सय्यद जिल्ले महमूद जाफरी मदारी साहब से मुलाकात कर उर्स की मुबारक बाद दी।

इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, सपा अल्पसंख्यक सभा के उपाध्यक्ष इंजीनियर अनीस अहमद खां, प्रदेश प्रवक्ता मुहम्मद साजिद, प्रदेश प्रवक्ता मोंटी शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष खालिद खां, शहर विधान सभा अध्यक्ष हसीब खा, पूर्व पार्षद मुहम्मद उबैश खां, हाजी शकील, मुसाहिद खां यामीन खां समेत पार्टी के कार्यकर्ता व क्षेत्र के बड़ी संख्या में अकीतदमंद और जायरीन मौजूद रहे।

यह जानकारी दरगाह के मीडिया प्रभारी मुहम्मद रफत आलम मदारी ने दी।

# बिहार में समय पर और शांतिपूर्ण तरीके से होंगे चुनाव : आरिफ मोहम्मद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों घुसपैठ हुई जब मंसूबे नाकाम हुए तो अराजकता करने लगे। हालांकि जो लोग इसमें लिप्त हैं वो बचेंगे नहीं। घाटी में सघन निगरानी और सतर्कता जरूरी है। बिहार के राज्यपाल बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ बरेली के रोटरी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की।

बिहार चुनाव के सवाल पर बोले कि राज्यपाल होने से वे राजनीतिक गठबंधनों पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। राजनीतिक महागठबंधन हो या कोई और... राज्यपाल का कार्य सिर्फ संविधान और विधान के मुता. बिक हो, इसकी निगरानी का है। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, मर्यादा और लोकलाज पर जोर दिया। बिहार में चुनाव समय पर, सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से होंगे।

जम्मू-कश्मीर में अशोक स्तंभ बना शिलापट्ट तोड़ने के मामले पर मोहम्मद आरिफ ने कहा कि अब कश्मीर में हालात सामान्य हो रहे हैं। जिससे घुसपैठियों में निराशा पनप रही है। हताशा की हालत में जो कार्य होते हैं वैसा ही गुलबर्ग में हुआ। उनके मंसूबे नाकाम हो रहे हैं। इसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ेगा। इसलिए सतर्कता बरकरार रखते हुए सघन निगरानी से प्रभावी अंकुश की उम्मीद है।

राहुल गांधी के संविधान खतरे में वाले बयान पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि मैं किसी एक नेता या गठबंधन पर टिप्पणी नहीं कर रहा। लोकतंत्र में कोई भी अपने विचार साझा कर सकता है, लेकिन कोई ऐसी बात कहना, जिससे जनता के मन में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति संदेह पैदा होता है, यह लोकतंत्र को कमजोर करता है। लोकतंत्र की आजादी का दुरुपयोग, सदुपयोग प्रत्येक व्यक्ति करता है। जनता तय करती है कि आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा है या नहीं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# लापता फौजी का शव नदी से बरामद, एक दिन पहले मिली थी चप्पल और बाइक

**बरेली/मीरगंज।** गांव पहुंचा खुर्द अपनी रिश्तेदारी में से जन्मदिन पार्टी करके लौट रहे रिटायर फौजी की बाइक एक दिन पहले गोरा लोकनाथपुर पुल के पास एप्रोच रोड किनारे नदी के पास मिली थी। बाइक सवार का फौजी का कोई सुराग नहीं लगा था। अब उसका शव मंगलवार को बरामद होने से हड़कंप मच गया। कहा जा रहा है कि शराब के नशे में बाइक चलाने के दौरान रिटायर्ड फौजी संतुलन खोने के कारण नदी में डूब गया। दरअसल सिरौली के गांव गुलड़िया उपराला (गौरी शंकर) के रहने वाले रिटायर्ड फौजी प्रेमपाल राजपूत शराब के आदि थे। रविवार की रात भी वह खूब शराब के नशे में थे। अपनी ननिहाल से लौटते वक्त लोकनाथ पुल के पास एप्रोच रोड पर पहुंचे तो नशे में होने की वजह से बाइक बेकाबू हो गई और वह नदी में जा गिरे। मौके से बाइक, चप्पल, मोबाइल आदि बरामद हुआ था। अब मंगलवार को ठीक उसी जगह से 50 मीटर दूर शव मिला तो परिवार के लोग मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त प्रेमपाल राजपूत के रूप में की। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कहा जा रहा है कि तेज बारिश और जलस्तर बढ़ने से पुल की एप्रोच रोड खार नुमा कट गई थी। रोड में गहरे गड्ढे हो गए थे। पीडब्ल्यूडी विभाग ने गत दिनों जलस्तर बढ़ने के चलते सुरक्षा कारणों से सड़क पर अवरोधक दीवार लगा दी थी। जिसे राहगीरों ने तोड़कर रास्ता बना दिया था।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfangnewslive@gmail.com

# हॉस्टल में चली गोली, छात्र की मौत, दोस्त गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट हॉस्टल में पीजीडीएम छात्र ने डठ। छात्र को गोली मार दी। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। गोली लगने से छात्र की मौत हो गई है। जबकि खुद को गोली मारने वाले छात्र की हालत गंभीर है। गोली लाइसेंसी पिस्टल से चली है। घायल छात्र को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, 4 जिंदा कारतूस, 2 खोखे, मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस घटना के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पूरा मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के निजी हॉस्टल आरसीआई विद्या विहार में सोमवार रात का है।



आगरा के भगवान टॉकीज निवासी देवांश चौहान (23) बीटेक इंस्टीट्यूट से पीजीडीएम की पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ आंध्र प्रदेश के चिलकुलरी निवासी दीपक कुमार (22) भी डठ। की पढ़ाई करता था। दोनों अच्छे दोस्त थे। सोमवार रात 3 से 4 बजे के बीच हॉस्टल में अचानक गोली चलने से हड़कंप मच गया।हॉस्टल के सिक्योरिटी गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज सुनाई दी। उसने तुरंत वार्डन को सूचना दी। वार्डन ने जब कमरे का मुख्य दरवा. जा खोलने की कोशिश की तो वह अंदर से बंद था। इसके बाद पीछे की तरफ सीढ़ी लगाकर बालकनी से अंदर पहुंचा गया। शीशा तोड़कर दरवाजा खोला गया तो दोनों छात्र खून से लथपथ पड़े मिले।

**एक की मौत, दूसरा गंभीर:** एमबीए छात्र दीपक कुमार (22) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीजीडीएम छात्र देवांश चौहान गंभीर रूप से घायल मिला। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। आशंका है कि देवांश ने किसी विवाद के चलते दीपक को लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली।

**दोनों अच्छे दोस्त थे:** पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों अच्छे दोस्त थे। कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस देवांश के सही होने पर उसका बयान दर्ज करेगी। देवांश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, मृतक दीपक के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

**कमरे से आई कराहने की आवाज:** एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया, थाना नॉलेज पार्क पर सूचना मिली कि आरसीआई विद्या विहार हॉस्टल में 2 छात्र घायल अवस्था में हैं। पूछताछ में पता चला कि हॉस्टल के गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज आई।

कमरा अंदर से बंद था। कमरे में 2 छात्र थे जिनमें से एक मृत और दूसरा घायल था। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रथमदृष्टया एक छात्र ने दूसरे छात्र को रिवॉल्वर से गोली मारी फिर खुद को भी गोली मार ली है। परिवारों को सूचित कर दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली-एनसीआर में हथियारों का सप्लायर पकड़ा

■ 32 बोर की चार पिस्टल, ६ तमंचे और 30 कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चे. कंग के दौरान संभल के रहने वाले सुफियान कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहा था।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक थैली में रखी 32 बोर की 4 पिस्टल, 6 तमंचे और 30 कारतूस बरामद किए हैं। सुफियान दिल्ली-एनसीआर के कुख्यात बदमाशों और उनके गैंग को हथियार



सप्लाई करता था।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह एक पिस्टल पर 10,000 रुपये का मुनाफा कमाता था। तमंचों की बिक्री से उसे 2,000 रुपये प्रति तमंचा का फायदा होता था।

पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी हथियार कहां से लाता था और किन-किन गैंग को बेचता था।

# चिल्ला एलिवेटेड से अब तक नहीं बदली खराब स्टील

■ एक महीने पहले प्राधिकरण ने दिया था नोटिस, 892 करोड़ है बजट, दिल्ली- नोएडा की होगी कनेक्टिविटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटेड निर्माण में मानकों के अनुरुप स्टील का प्रयोग नहीं किया जा रहा। इसका नोटिस प्राधिकरण ने करीब एक महीने पहले ब्रिज कार्पोरेशन को दिया था। बावजूद इसके अब तक खराब स्टील को बदला नहीं गया है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट कहा कि जब तक खराब स्टील को बदलकर मानकों के अनुसार नहीं किया जाता तब तक पेमेंट नहीं किया जाएगा। बता दे ब्रिज कार्पोरेशन ही नोएडा के दो अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है। इसमें भंगेल एलिवेटेड और सेक्टर-145 लिंक रोड शामिल है।

करीब एक महीने पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने चिल्ला एलिवेटेड निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें पाइलिंग के ज्वाइंट की फोटो व वीडियो ग्राफी कराई गई। समीक्षा में पाया गया कि एलिवेटेड की पाइलिंग में जिस स्टील का प्रयोग कंपनी कर रही है। उस स्टील की गुणवत्ता खराब है। जबकि पाइलिंग के लिए प्राधिकरण ने किसी दूसरी स्टील के प्रयोग की बात की थी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने ब्रिज कार्पोरेशन को नोटिस जारी किया और स्वीकृत स्टील को लगाने के लिए कहा गया। इस एलिवेटेड का शिलान्यास सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। इसके बाद अब तब पाइ. लिंग में लगी खराब स्टील को बदला नहीं गया। इसको लेकर जल्द ही एक ओर नोटिस जारी किया जाएगा।

**892 करोड़ रुपये किए जा रहे खर्च:** एलिवेटेड का निर्माण 892 करोड़ में किया जा रहा है। ये काम तीन साल में पूरा करना होगा। हालांकि 2019 में भी इसका काम शुरू हुआ था। उस समय सीएम योगी आदित्यनाथ ने योजना की शिलान्यास किया था। फाउंडेशन और पाइलिंग के बाद फंड की कमी से काम रोका दिया गया। करीब 79 करोड़ रुपए एलिवेटेड निर्माण पर खर्च किए गए थे। अब इसका 10 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। योजना के तहत छह लेन की इस एलिवेटेड को 296 पिलर पर बनाया जाना है।

**रोजाना पांच लाख वाहनों को होगा फायदा:** निर्माण कंपनी उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड ने 17 दिसंबर 2024 को ठेकेदार कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन को कार्य अवॉर्ड किया। इस एलिवेटेड से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालक को फायदा होगा। ठेकेदार के पास निर्माण पूरा करने के लिए तीन साल का समय होगा। दिल्ली और नोएडा के बीच यातायात भीड़ को कम करने के लिए 2012 में योजना की फिजिबिलिटी तैयार की गई थी। एलिवेटेड 5.9 किमी लंबी बननी है। योजना के प्रारंभिक फेज में इसकी कुल लागत 605 करोड़ रुपए थी।

# महिला का धर्मांतरण कराकर चेन्नई ले गए

## बेटी के लिए मां ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गढ़ी चौखंडी की रहने वाली छह साल के बच्चे की मां को प्यार में फंसाकर जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया। युवक ने महिला से निकाह कर उसका नाम भी बदल दिया। हाइकोर्ट के आदेश पर फेज-तीन थाना पुलिस ने महिला को तमिलनाडु के चेन्नई से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गढ़ी चौखंडी की रहने वाली एक महिला ने पिछले महीने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि तीन अगस्त को उनके घर पर राजा मियां उर्फ एहसान हुसैन और जहीर बाबू आए थे। वह उनकी बेटी को उसके घर से ले गए।

पीड़िता का कहना था कि आरोपियों ने उसकी बेटी को बंधक बना रखा है। उसके साथ अनहोनी घटना हो सकती है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए महिला को बरामद करके आठ सितंबर को पेश करे।

**चेन्नई से महिला को किया बरामद:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला की खोजबीन शुरू की। पुलिस ने महिला को चेन्नई से बरामद कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि बिहार के जिला सीवान के रहने वाले राजा मियां उर्फ एहसान हुसैन ने धोखाधड़ी करके, प्रलोभन और धमकी देकर महिला का धर्म परिवर्तन करा दिया है।

उसका नाम बदलकर खुशबू



खातून रख दिया है। इस संबंध में महिला से पुलिस ने जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह धर्म परिवर्तन करके मुस्लिम बन गई है। वह शरिया कानून का ज्ञान ले रही है। दोनों ने एक मई 2025 को बहरामपुर गांव में निकाह भी कर लिया है।

**निकाहनामा में पिता का नाम फर्जी:** पुलिस ने जब निक. हनामा प्राप्त किया तो पता चला कि राजा मियां, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां, मां अनीशा बेगम और भाई इरशाद के द्वारा धोखे से धर्म परिवार कराया है। निक. हनामे में महिला के पिता का नाम फर्जी लिख दिया है।

आरोपी की मां अनीशा बेगम को महिला की फूफी बताकर व इरशाद को भाई बताकर कानून के खिलाफ जाकर धर्म परिवर्तन कराया गया है। इस काम में काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक महिला का उसके पति से तलाक भी नहीं हुआ है। उसका छह साल का बेटा भी है।

**पांच के खिलाफ मुकदमा तीन गिरफ्तार:** गढ़ी चौखंडी चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुख्य आरोपी राजा मियां, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां और मां अनीशा बेगम को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस इरशाद और काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन को खोज रही है। साथ ही महिला को हाइकोर्ट में पेश किया गया है। हाइकोर्ट के आदेश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कंपनी में नौकरी के दौरान मिले थे दोनों:** आरोपी राजा मियां उर्फ एहसान पिछले कुछ वर्षों से गाजियाबाद के बहरामपुर गांव में किराए पर रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात महिला से हुई। आरोपी ने महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया।

कुछ माह पहले जब पुलिस ने महिला को बरामद किया था तो उसने पति पर उत्पीड़न और अत्याचार करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, वह घर लौटने पर राजी हुई थी। तब कोर्ट ने राजा मियां उर्फ एहसान को महिला के वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने के आदेश दिए थे।

## एक नजर

### मकान में फैंसी लाइट के अंदर निकला विषैला सांप, वीडियो हुआ वायरल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-51 स्थित एक मकान में छत की सीलिंग पैनल के रास्ते एक विषैला सांप फिसलता हुआ फैंसी लाइट के अंदर जा पहुंचा। घटना के दौरान घर में मौजूद लोग डर गए। सभी लोग तुरंत से बाहर निकल गए। मामले की सूचना संबंधित विभाग को दी गई। सेक्टर में विषैला सांप होने की शिकायत लोग कई बार नोएडा प्राधिकरण से कर चुके है।

**अजीब सी आवाज सुनाई दी:** मकान मालिक ने बताया कि उन्हें छत से अजीब सी आवाज सुनाई दी। उन्होंने जब ध्यान से देखा तो पता कि सीलिंग लाइट के अंदर सांप की हलचल हो रही है। उन्होंने तुरंत स्थानीय फायर ब्रिगेड और वन विभाग को सूचना दी।

**टीम ने सांप को पकड़ा:** कुछ ही देर में सांप पकड़ने वाली टीम मौके पर पहुंची और सावधानी से लाइट की फिटिंग को हटाकर सांप को बाहर निकाला। सांप विषैला प्रजाति का पाया गया जिसे पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

**दशहत में है लोग:** सेक्टर के महासचिव संजीव कुमार का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब सांप दिखाई दिया हो। पास ही खाली पड़े प्लॉट और निर्माण स्थलों की वजह से यहां जंगली जीवों की आवाजाही अक्सर बनी रहती है। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण से की जा चुकी है। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

### ट्रांसपोर्टर का बैग चोरी करने वाले पकड़े

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन के पास ट्रांसपोर्टर प्रवीण वर्मा को गाड़ी में बैठाकर उसका बैग चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित से चुराए गए अमेरिकी डॉलर बरामद किए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के रहने वाले प्रवीण वर्मा ने सेक्टर 142 थाना पुलिस से शिकायत की थी। प्रवीण वर्मा के मुताबिक उनका टूर एंड ट्रेवल्स का काम है। करीब एक सप्ताह पहले ट्रांसपोर्टर को कुछ लोगों ने चार धाम यात्रा के लिए गाड़ी बुक करने का झांसा देकर मिलने के लिए बुलाया था। बुक करने की बात करने के लिए सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन के समीप अपनी गाड़ी में बैठा लिया था। इसी बीच पीड़ित को बातों में उलझाकर उनके बैग से पर्स चोरी कर लिया था। पीड़ित के पर्स में बीस हजार रुपये और अमेरिकी डॉलर रखे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कार्तिक भाटिया निवासी सेक्टर-121, गौतमबुद्धनगर, विजय प्रजापति निवासी ग्राम दुसवाबार, गोरखपुर वर्तमान पता श्रीराम अपार्टमेन्ट, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर, और विशाल प्रजापति निवासी ग्राम दुसवाबार, गोरखपुर वर्तमान पता ग्राम तिगरी चिपयाना खुर्द, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से पीड़ित के चोरी किए गए 50 अमेरिकी डॉलर बरामद किए हैं।

### हादसे में घायल किशोर ने एक दिन बाद दम तोड़ा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-62 क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल किशोर ने अगले दिन दम तोड़ दिया। हादसे में उसका दोस्त भी घायल हुआ था। परिजनों ने सेक्टर-58 थाने में शिकायत दी है। पुलिस घटनास्थल चिह्नित कर जांच कर रही है। जिला हमीरपुर निवासी पप्पू ने पुलिस को बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा सुमित करीब 20 दिन पहले नोएडा आया था। उसे उसका दोस्त बुलाकर लाया था। सुमित सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव में दोस्त के साथ किराये के कमरे में रहता था। सुमित का दोस्त छिजारसी कट के पास रेहड़ी लगाकर चाट बेचता था। सुमित भी दोस्त के साथ रेहड़ी पर चला जाता था।

परिजनों के मुताबिक चार सितंबर की रात दोनों चाट बेचने के बाद रेहड़ी लेकर कमरे पर लौट रहे थे। उन्हें देर रात फोर्टिस अस्पताल से सुमित के घायल होने की सूचना मिली। गांव से परिजन पांच सितंबर की सुबह नोएडा पहुंचे। जहां से सुमित को रेफर कर दिया गया। घायलावस्था में सुमित को गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी स्थित गुप्ता अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि सेक्टर-62 क्षेत्र में हादसा हुआ था। हादसे में सुमित और उसका दोस्त घायल हुए थे। दोस्त अपने गांव चला गया। उनकी रेहड़ी भी नहीं मिल रही। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल चिह्नित होने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-2 पुलिस ने चोरी और स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। पीपल वाला चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को मोटरसाइकिल पर देखा। रुकने का इशारा करने पर वे ढकिया बाबा गोलचक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान विशाल उर्फ मोनू महतो के रूप में हुई। वह बिहार के लखीसराय का रहने वाला है और फिलहाल स्वर्णनगरी, थाना बीटा-2 में रह रहा था।

दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान तनिष्क के रूप में हुई। वह बागपत के खेकड़ा का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम ऐच्छर, थाना बीटा-2 में रह रहा था।

दोनों बदमाशों से दो तमंचे, कारतूस, चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन और फर्जी नंबर प्लेट वाली एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में सांड का हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा वन सेक्टर में एक सांड ने शाम के समय टहल रहे व्यक्ति और उसके भांजे पर हमला कर दिया। घटना में प्रथम चंद्रा और उनका 5 वर्षीय भांजा घायल हो गए। प्रथम चंद्रा को गंभीर चोटें आने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीटा वन सेक्टर के आरडब्ल्यूए महासचिव हरेंद्र भाटी ने बताया कि प्रथम चंद्रा सेक्टर के सी-289 में रहते हैं। वह अपनी बहन और भांजे के साथ सेक्टर में घूम रहे थे। इसी दौरान सांड ने उन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य लोग भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से सांड को भगाया गया। सेक्टर में आवारा पशुओं की समस्या से लोग परेशान हैं। आरडब्ल्यूए ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेक्टर में आवारा गोवंश और कुत्तों की समस्या गंभीर है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरडब्ल्यूए ने आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग की है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट का गौर सिटी अंडरपास जल्द होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गौर सिटी अंडरपास पर ट्रैफिक की समस्या से वाहन चालकों को जल्द आंशिक तौर पर राहत मिल सकती है। निर्माणाधीन अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। इसके बाद इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। वाहन इसके ऊपर से गुजर सकेंगे। हालांकि चौराहे से दोनों तरफ अंडरपास का कार्य पूर्ण होने में अभी छह माह लगेंगे।

**सीईओ ने लिया जायजा:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मंगलवार को अंडरपास के निर्माण कार्य का जायजा लिया। अंडरपास का निर्माण तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य पूरा कर वाहनों के लिए शीघ्र खोल देने के लिए कहा। वाहन चालकों को आंशिक रूप से राहत मिल जाएगी। सीईओ अंडरपास के चारों ओर पैदल घूमे। वर्क सर्किल 1 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने अंडरपास के कार्य प्रगति से सीईओ को अवगत कराया।

**60 मीटर रोड होगी बड़ी:** सीईओ एनजी रवि कुमार ने 60 मीटर रोड की सर्विस रोड को चौड़ा करने करने के लिए कहा है। वह 80 मीटर रोड देखने पहुंचे। ऐस सिटी के पास से 60 मीटर और 130 मीटर रोड को जोड़ते हुए बनी इस रोड को शीघ्र कंपलीट करने के लिए कहा। लगभग 100 मीटर दूरी में जमीन विवाद के चलते रोड कंपलीट नहीं हो पा रही। सीईओ ने 130 मीटर रोड का भी जायजा लिया।

**सेंट्रल वर्ज पर आरसीसी वॉल का निर्माण:** सीईओ के अलावा एसीईओ सुमित यादव ने भी गौर सिटी टू स्थित 12वें एवेन्यू के सामने की रोड का जायजा लिया। आसपास के लोगों से बातचीत की। निवासियों ने रोड को दुरुस्त कराने और सेंट्रल वर्ज पर आरसीसी वाल का निर्माण कराने की मांग की। एसीईओ ने सेक्टर 4 की सड़कों का जायजा लिया।

# कार की टक्कर से बाइक टैक्सी सवार बीटेक छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर ओमेगा-1 तेज रफ्तार कार ने बाइक टैक्सी में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया, जबकि पीछे बैठे बीटेक के छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला बोकारो झारखंड का रहने वाला 21 वर्षीय ताज समसी नॉलेज पार्क के कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। वह शनिवार को निम्बस सोसाइटी में रहने वाले अपने एक दोस्त से मिलने गया था। इसके बाद वह रात को वापस बाइक टैक्सी लेकर नॉलेज पार्क स्थित अपने हॉस्टल लौट रहा था।

वह यथार्थ अस्पताल से कुछ दूर आगे पहुंचा तो एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इक का चालक सुमित घायल हो गया। घायल सुमित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में ताज समसी के मौसेरे भाई नुरूल होदा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर हाईवा का जैक खुला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ढाकवाला गांव के पास तेज रफ्तार हाईवा का अचानक जैक खुल गया। वाहन अनियंत्रित होकर प्राधिकरण द्वारा लगाए गए यूनिपोल से टकरा गया।

टक्कर के कारण यूनिपोल सड़क पर गिर गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात करीब 30 मिनट तक बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने यूनिपोल को हटवाया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस मार्ग पर भारी वाहन अक्सर तेज गति से गुजरते हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय करने की मांग की है।

# यमुना में बढ़े जलस्तर पर प्रभारी मंत्री का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह जी ने तहसील सदर के सेक्टर-135 ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित परिवारों हेतु बनाए गए शरणालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर रह रहे लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा, आवासीय व्यवस्था तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने वहां पर रह रहे लोगों से मिल रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त की जोकि संतोषजनक मिली। इस अवसर पर माननीय विधायक दादरी तेजपाल सिंह नगर, माननीय जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर अभिषेक शर्मा, माननीय जिला अध्यक्ष महानगर नोएडा महेश चौहान, माननीय जनप्रतिनिधि गण, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा संजय खत्री, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने शरणालय व कम्युनिटी किचन का निरीक्षण कर बताया कि यहाँ भोजन की गुणवत्ता और मात्रा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों में है, तब तक किसी गरीब को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर संकट की घड़ी में आपके साथ खड़ी है। उन्होंने शरणालय में ठहरे प्रभावित परिवारों से कहा कि प्रशासन की अनुमति मिलने तक कोई भी व्यक्ति जोखिम उठाकर अपने घर न लौटे। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए लेखपाल उन्हें पढ़ा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर संख्या



बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जलस्तर घटने की संभावना है, तब तक आप शरणालय में आराम से रहे, यहां सभी आवश्यक सुविधाएं आपको इसी प्रकार उपलब्ध कराई जाती रहेगी।

मंत्री ने प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री जी ने शरणालय में प्रभावित परिवारों के बच्चों हेतु संचा. लित अस्थायी पाठशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लेखपालों एवं संबंधित अधिकारियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस व्यवस्था को नियमित रखा जाए, ताकि बच्चे पढ़ाई से वंचित न हों। इस अवसर पर मंत्री जी ने बच्चों को चप्पलें, पठन-पाठन सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

इसके बाद मंत्री ने सेक्टर-150 स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही वहां टेंट लगाकर रह रहे परिवारों से संवाद कर अपील की कि जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए शरणालयों में रहना कहीं अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक है। शरणालयों में रहने, भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री जी ने टेंट में रह रहे लोगों को प्रेरित किया कि वे शीघ्र ही शरणालयों में स्थानांतरित हो जाएं, ताकि उन्हें बेहतर देखभाल और सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के उपरांत श्री बृजेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्रभावित नागरिकों और पशुधन को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बचाव एवं राहत कार्यों की नियमित निगरानी करें

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बीस हजार की रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार

## किसान से मां के नाम की जमीन का चक एक जगह करने को मांगी थी रिश्वत, एंटी क्रप्शन ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मां के नाम जमीन को भी अपने चक में शामिल करने के मामले में किसान से बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल को एंटी क्रप्शन टीम ने रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी लेखपाल उत्तम बालियान हसनपुर तहसील में तैनात है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के की ग्राम पंचायत जेबड़ा के मझरा बंशीवाल महरपुर निवासी किसान कल्याण सिंह ने चकबंदी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी मां के नाम की जमीन को भी एक ही चक में शामिल किया जाए। इसके लिए हसनपुर तहसील क्षेत्र में तैनात चकबंदी लेखपाल उत्तम बालियान को रिपोर्ट लगानी थी। आरोप है कि लेखपाल ने उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदेबाजी हुई तो 20 हजार रुपये में मामला तय हो गया। परेशान कल्याण सिंह ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद को दी थी। तयशुदा योजना के मुताबिक टीम ने कल्याण सिंह को मंगलवार को लेखपाल को रिश्वत देने के लिए भेजा था। मूल रूप से मुजफ्फरनगर जनपद के थाना भोरकलां क्षेत्र के गांव मुडभर निवासी लेखपाल उत्तम सिंह ने किसान को अमरोहा नगर के मुहल्ला दीनदयाल नगर स्थित एक मकान पर बुलाया था। दोपहर लगभग 2 बजे जैसे ही कल्याण सिंह रिश्वत लेकर लेखपाल के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए मौजूद टीम ने उन्हें पकड़ लिया। 2016 में भर्ती हुए चकबंदी लेखपाल को देहात थाने ले जाया गया। निरीक्षक राखी के नेतृत्व वाली टीम ने अमरोहा देहात थाने में आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपित लेखपाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।




# दुकानदार परिवार समेत घर में आमरण अनशन पर बैठा

## शिकायत के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न होने से खफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। दुकानदार के बेटों के साथ दुकान में घुसकर मारपीट की जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आहत दुकानदार मंगलवार को घर में ही परिवार समेत आमरण अनशन पर बैठ गया। उधर, दुकानदार मुख्यमंत्री को गांव में बुलवाने की जिद पर अड़ा है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हटव्वा पट्टी से जुड़ा हुआ है। यहां किसान संजीव कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने गांव में ही एक किराए की दुकान ले रखी है, जिसमें वह चारपाई बुनकर बेचते हैं। 8 जून 2024 में उनका बेटा मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह दुकान पर बैठे हुए थे इसी दौरान पांच युवक वहां आए और मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह के साथ मारपीट करने लगे। हरकत में आई पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन इसके बावजूद पीड़ित परिवार ने अनशनन खत्म नहीं किया। लिहाजा, संजीव कुमार का परिवार दूसरे दिन मंगलवार को भी आमरण अनशन पर बैठा रहा।

# नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने दिया बीमा कम्पनी को आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की मौत के बाद बीमा कंपनी ने दो पॉलिसी का क्लेम देने से इनकार कर दिया। केस की सुनवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग ने 23.21 लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करने का आदेश दिया। इतना ही मानसिक, आर्थिक क्षतिपूर्ति के अलावा वाद व्यय के रूप में 25 हजार रुपये अलग से देने होंगे।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव पीलाकुंड निवासी स्व.रघुराज सिंह ने बीमा कंपनी से अपनी दो पॉलिसी कराई थीं। पहली पॉलिसी 2 अगस्त 2017 को और दूसरी 14 सितंबर 2017 में ली थी। दोनों पॉलिसी में उन्होंने अपनी पत्नी उर्वशी को नॉमिनी बनाया था। इसी बीच 7 मई 2018 को सर्पदंश से रघुराज सिंह की मौत हो गई थी। मामले में उर्वशी ने बीमा कंपनी से क्लेम मांगा तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया। बीमा कंपनी ने सिर्फ प्रीमियम धनराशि के रूप में सिर्फ 1.18 लाख रुपये का भुगतान खाते में किया। उर्वशी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया था। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। बीमा कंपनी ने अपना तर्क रखा की रघुराज सिंह ने दोनों पॉलिसी 31 जुलाई 2017 से 14 सितंबर 2017 के बीच प्राप्त की थीं और उनकी मृत्यु एक वर्ष के भीतर हो गई। उनके द्वारा अपने प्रस्ताव फॉर्म में कुछ कमियां की गई जो बीमा शर्तों के उल्लंघन की श्रेणी में आती हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने अपना फैसला सुनाया। दोनों पॉलिसी के 23,21,50 रुपये को नौ प्रतिशत ब्याज समेत देने का आदेश दिया। साथ ही आर्थिक एवं मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# अमोनिया गैस से भरा टैंकर पलटने से बचा

## शराबी को बचाने के चक्कर में खंदक में धंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शराबी को बचाने के चक्कर में एंबुलेंस के चालक द्वारा अचानक लगाये गये ब्रेक के कारण पीछे अमोनिया गैस से भरकर आ रहा टैंकर साइड मारकर खंदक में धस गया। अमोनिया गैस का टैंकर खंदक में धसने की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। क्रेन की सहायता से टैंकर को निकाला जा रहा था।

मंगलवार की देर शाम गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव मेहरपुर से सरकारी एंबुलेंस मरीज को छोड़कर हसनपुर लौट रही थी। जब वह गांव हथियाखेड़ा गांव के समीप पहुंची तो अचानक उसके सामने एक शराबी आ गया। एंबुलेंस चालक ने शराबी को बचाने के लिए ब्रेक लगा दिये। पीछे अमोनिया गैस से भरकर आ रहे टैंकर के चालक सुरेंद्र पुत्र हरि सिंह निवासी हसनपुर ने अचानक बचने के लिए साइट ली तो वह सड़क से उतरकर किनारे खंदक में घुसने लगा। लेकिन चालक ने कोशिश करके नीचे उतरने से रोक लिया। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। अमोनिया गैस बहुत ही खतरनाक होती है। यदि वह थोड़ी सी भी लीक हो जाती तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्रेन की सहायता से अमोनिया गैस से भरे टैंकर को निकाला जा रहा था।

# करंट की चपेट में आकर किसान की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पशुओं के लिए चारा काट रहा किसान करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। उपचार के दौरान किसान की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव रूपा नांगल निवासी 40 वर्षीय जगतवीर पुत्र बलवंत सिंह मंगलवार की सुबह घर पर ही पशुओं के लिए चारा मशीन पर चारा काट रहा था। इस दौरान अचानक वह चारा काटते समय करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों के द्वारा तत्काल घायल को निजी अस्पताल में दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे बेटा माधव बेटी निशा, नेहा समेत दो पत्नि माया नीरज को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने परिजनों को सांत्वना दी है। आदमपुर थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि इस संबंध में परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# प्राईवेट अस्पताल के कर्मी से नकदी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक निजी अस्पताल के कर्मचारी की कनपटी पर तमंचा लगाकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने 30 हजार रूपये की नकदी लूट ली और फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

**■ अपाचे सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम**

जानकारी के अनुसार थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव गजरौला प्रभुवन निवासी विवेक कुमार हाईवे किनारे पर स्थित न्यू आस्था नर्सिंग होम के कर्मचारी हैं। सोमवार की रात करीब 12 बजे बजे भोजन आदि करने के बाद वे हाईवे पर टहल रहे थे, बताते हैं कि इसी बीच अपाचे बाइक सवार तीन युवक विवेक कुमार के पास पहुंचे, उनमें से एक ने चौपला चौराहे का पता पूछा, विवेक उन्हें पता बता ही रहे थे कि तभी एक युवक ने उतरकर विवेक की कनपटी पर तमंचा लगा दिया और विवेक से 30 हजार 300 रूपये की नकदी लूट ली, जो कि उन्हें अस्पताल संचालक सुमेर चौधरी ने किराया जमा करने को दिए थे। मंगलवार को विवेक कुमार को वह किराया जमा करना था मगर सोमवार की रात को ही घटना हो गई। घटना को अंजाम देकर बदमाश भानपुर फाटक की ओर भाग गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। चौपला चौकी के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी आदि देखे।

# धनौरा एमओआईसी का वेतन काटने के आदेश

## गंगेश्वरी एमओआईसी से मांगा स्पष्टीकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला पोषण समिति की बैठक में धनौरा में कम प्रगति पर एमओआईसी का स्पष्टीकरण तथा गंगेश्वरी के एमओआईसी के गैर हाजिर होने पर उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने जिला पोषण समिति की बैठक ली। जिसमें संभव अभियान 5 के अन्तर्गत मिशन 100 के अन्तर्गत चयनित सभी गांवों में वजन व उंचाई मापने सहित अन्य सभी आवश्यक उपकरण खरीदने के निर्देश दिये। संभव अभियन के अन्तर्गत सेम बच्चों को दी जा रही दवाओं की समीक्षा करने पर धनौरा में कम प्रगति पर एमओआईसी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। सेम बच्चों के फोलोप में जिन स्थानों की प्रगति खराब है वहां आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की जिम्मेदारी तय की जाये। खराब प्रगति पर धनौरा, गजरौला, गंगेश्वरी व हसनपुर बीडीओ के स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। बेठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, पीडी अमरीश कुमार व डीपीओ आदि मौजूद रहे।

# सेल्समैन की पिटाई कर दस हजार रुपये लूटे

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/रहरा**। थाना क्षेत्र के भावली गाँव में एक सेल्समैन पर हमला और लूटपाट का मामला सामने आया है। गाँव के ही कुछ युवकों ने एक परचून की दुकान के सेल्समैन कोशिंदर पुत्र बलराम सिंह को लाठी-डंडों से पीट दिया। यह घटना तब हुई जब कोशिंदर अपनी दुकान के सामान की सेलमैनी करके वापस आयव थे। और गाँव में एक डॉक्टर की दुकान पर दवा लेने के लिए खड़े थे। हमलावरों ने कोशिंदर पर अचानक हमला कर दिया। उन्होंने न केवल उसे बेरहमी से पीटा बल्कि जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने उसकी जेब से 10,000 की नकद राशि भी जबरन छीन ली। और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो इस बर्बरता को दर्शाता है। पीड़ित कोशिंदर ने इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस में दर्ज कराई। रहरा थाना अध्यक्ष अतवीर सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले में एक तहरीर मिली है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस वीडियो फुटेज का भी उपयोग कर रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। यह घटना गाँव में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है और पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है सपा

## समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बस्तौरी माफी मे समाजवादी पार्टी की पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का ग्रामवासियों द्वारा फूल माला पहनाकर व ढ़ोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया गया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों के लोगो को साथ लेकर चलती है और सत्ता में होने पर उन्हें बराबर का सम्मान देती है। जनता निरंतर हो रही महंगाई से परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार लोगों को आपस मे हिन्दू मुसलमान के नाम पर लड़ाकर जनता का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टचार से हटाने का कार्य कर रही है। आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है, 2027 में समाजवादी पार्टी सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़कर सरकार बनाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर राजवीर सिंह फौजी, विजेंद्र सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह यादव, शीशपाल सिंह, रामनिवास यादव, दिनेश यादव, नरेन्द्र सिंह यादव, समरपाल सिंह, नन्हे सिंह, बबलू यादव, आशु यादव, ललित यादव, मंचित यादव, भोजराज यादव, अंकित यादव, मनोज कुमार, राजवीर सिंह, ओमपाल सिंह, अमन सिरोही, सतेन्द्र प्रधान, रविन्द्र प्रधान, कुलदीप देवल, विपिन सिरोही मौजूद रहे।

## राहत पाकर खिले बाढ़ पीड़ितों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। शाहजहांपुर छात एतमाली गांव में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए मंगलवार को तहसील प्रशासन आगे आया। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों के बीच खाद्य सामग्री, सूखा राशन, सब्जी और जरूरी सामान वितरित किया। राहत सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। गांव में कई दिनों से बाढ़ का पानी घुसने से लोगों की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई थी। खाने-पीने की चीजों की कमी ने परेशानियां बढ़ा दी थीं। लेकिन मंगलवार को प्रशासन द्वारा भेजे गए राहत पैकेट ग्रामीणों के लिए जीवनदान साबित हुए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों पर नजर रखे हुए है। शाहजहांपुर छात एतमाली में राहत सामग्री बांटी गई है और आगे भी जरूरत के अनुसार हर संभव मदद दी जाएगी। प्रशासन के इस कदम से लोगों में भरोसा और हौसला दोनों बढ़े हैं। लेखपाल बिन्टेश कुमार, अनुज सैनी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान संघ (उत्तर प्रदेश) ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में एडीओ को सौंपा और मुख्यमंत्री से किसानों की समस्याओं के निदान की मांग की।

**■ भाकिसं ने भेजा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन**



ज्ञापन में कहा गया है कि , नकली कीटनाशक बीज व खाद के वितरण में व्याप्त अव्यवस्था से खरीफ और आने वाले रबी सीजन में बार-बार होने वाली परेशानियों से पूरे प्रदेश का किसान त्रस्त हो चुका है। खाद वितरण में भी बहुत अव्यवस्थाएं हावी हैं। वहीं भारी वर्षा के कारण प्रभावित किसानों की फसलें बर्बाद हो गयीं हैं, उनका उचित मुआवजा किसानों को दिया जाए। आगामी गन्ना पेराई सत्र को समय से प्रारम्भ करके पांच सौ रूपये प्रति कुंतल का मूल्य घोषित किया जाए। निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान किया जाये। लेखपालों द्वारा किसानों का अंश बंटवारा गलत तरीके से किया गया है, उसे गाँव गाँव कैम्प लगवाकर सही कराया जाये। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि, यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा, प्रशांत शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, जितेन्द्र शम्र, महीपाल सिंह, जयप्रकाश शर्मा, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामलीला की नई कमेटी को मिली हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ऐतिहासिक रामलीला मंचन को लेकर चल रहे विवाद में ग्रामीण न्यायालय ने बड़ा निर्णय सुनाया है। निवर्तमान समिति द्वारा दायर आपत्ति को अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दिया। इसके साथ ही साफ हो गया है कि अब रामलीला का आयोजन आजीवन सदस्यों द्वारा गठित नई कमेटी ही कराएगी। गौरतलब है कि निवर्तमान समिति समय पर चुनाव कराने में विफल रही थी। इसके बाद आजीवन सदस्यों की बैठक में जागेश अग्रवाल को अध्यक्ष चुनकर नई समिति का गठन कर दिया गया। नई समिति के पक्ष में न्यायालय ने पहले ही आदेश दिया था कि धार्मिक आयोजन वही कराएगी और पुरानी समिति हस्तक्षेप नहीं करेगी। मंगलवार की सुनवाई में निवर्तमान समिति की आपत्ति खारिज होते ही नई कमेटी के पदाधिकारी सीधे रामलीला मंच पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने भावुक होकर कहा यह भगवान राम की जीत है। धनौरा की रामलीला की ऐतिहासिक परंपरा और मर्यादा को हम भव्य रूप से निभाएंगे।अब 15 सितंबर को ग्रामीण न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई होगी। रामलीला मंच पर तैयारियों का निरीक्षण करते समय पवन गुप्ता, ओमकार गर्ग, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, राजू बादशाह, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, सरदार कोकी सिंह, सतीश सिंह, गुरवचन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे



## ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। बाइक सवार ई रिक्शा की टक्कर से घायल हो गया। सीएचसी के चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। मंगलवार की शाम को नगर के मोहल्ला होली चौक निवासी पारुल ठाकुर पुत्र उमेश ठाकुर बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव कला खेड़ा दवाई लेने गया हुआ था। जहां से वापस लौटते वक्त बाइक सवार को ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया उधर घायल बाइक सवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। साथ ही घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गये। वहीं घटना स्थल से भाग रहे ई रिक्शा चालक को लोगों ने ई-रिक्शा सहित पकड़ लिया।

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट

### एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है। स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज़्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया**



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुकाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पघ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका नई मार्की क्रिकेट ली की मेजबानी करेगा

**अमेरिका, वार्ता।** अमेरिका एक नए रोमांचक क्रिकेट तमाशे की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी-20 क्रिकेट लीग नवम्बर 2025 में शुरू हो रही है। यह 12-दिवसीय टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों और अमेरिका की स्थानीय प्रतिभाओं के रोमांचक मिश्रण के साथ क्रिकेट मनोरंजन को नई परिभाषा देने का वादा करता है। मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी20 क्रिकेट लीग में चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 60 गतिशील खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय सितारे, अमेरिका के क्रिकेटर और स्थानीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

### पुनेरी पल्टन से भिड़ेगी यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में यूपी योद्धाज 10 सितम्बर को रात 9:00 बजे विशाखापटनम के विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे और इस मैच को जीतकर वे जीत की पटरी पर वापसी चाहेंगे। अभी तक तीन मैचों से चार अंक जुटाकर योद्धाज अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने दो मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर, छह अंकों के साथ

पुनेरी पल्टन दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पांच मैच खेले हैं और पिछला मुकाबला पटना पाइरेट्स से 11 अंकों के अंतर से गंवाया है। नए सीजन की शुरुआत यूपी की टीम ने शानदार ढंग से की है। पहले तेलुगु टाइटंस और फिर पटना पाइरेट्स को हराने के बाद हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था। उनकी डिफेंस की मजबूती ने पूरे लीग के प्रतिद्वंद्वी कोचों का ध्यान खींचा है।

# सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध

- **इस प्रतिबंध के साथ सुआरेज की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ा दी गई है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

लीग ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोजकों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितम्बर को चार्लोट एफसी, 16 सितम्बर को सिएटल और 20 सितम्बर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था।

उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवम्बर से

- **मदुरै और चेन्नई में जर्मनी दक्षिण अफ्रीका और भारत-चिली मैचों के साथ शुरुआत होगी**

**चेन्नई, वार्ता।** जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 28 नवम्बर को मदुरै में खिताब विजेता जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच होगा। भारत उसी दिन चिली के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसके अगले दिन पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कल रात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया, जिसमें एफआईएच




अध्यक्ष तैय्यब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी और यह तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। तैय्यब इकराम ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 के मैच कार्यक्रम का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक मील का पत्थर है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी, जो एफआईएच सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के तहत हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को रेखांकित करता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर अपने जुनून, दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

- **इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विजेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उस्मान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची, वार्ता।** उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमश: 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था, जो पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच भी साबित हुआ। उस्मान ने अपने दूसरे वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 2019 में अपने आखिरी से पहले वाले वनडे मैच में एक बार फिर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा पांच विकेट हॉल दर्ज किया। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वह 2018 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे।

### पाक नवम्बर में एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की कि पाकिस्तान नवम्बर में तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 11 से 15 नवम्बर तक राजधानी इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में खेली जाएगी। पीसीबी ने बताया कि श्रीलंका ने आखिरी बार 2019 में पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेजबान टीम ने 2-0 से जीत हासिल की थी। बोर्ड ने रविवार को यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान 17 से 29 नवम्बर तक श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसके मैच लाहौर और रावलपिंडी में होंगे।

# पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी: मोर्कल

- **टीम पूरी तरह तैयार है लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई पिच कैसी रहती है**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया



गया था। मोर्कल ने कहा कि हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं। स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलदीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

एशिया कप के पहले मैच के लिए भारतीय टीम में कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह शामिल हैं।

मोर्कल ने दोहराया कि कोचिंग स्टाफ उद्देश्यपूर्ण लक्ष्यों और सामरिक लचीलेपन के साथ प्रशिक्षण सत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी पर नियंत्रण रख सकते हैं जिस पर हमारा नियंत्रण है। हमारी तैयारी और हम परिस्थितियों के अनुसार कैसे ढलते हैं।

# लद्दाख मैराथन -2025 में नया वैश्विक रिकॉर्ड बनाएगा

**लेह, वार्ता।** लद्दाख के ऊंचाई वाले रेगिस्तानों में ठंडी पहाड़ी हवाएं घुलने के साथ ही, लद्दाख मैराथन के 12वें संस्करण के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। इस वर्ष, यह आयोजन 11 से 14 सितम्बर तक इतिहास रचने के लिए तैयार है: भारत और 30 अन्य देशों के 6,600 से अधिक धावकों के ऊबड़-खाबड़ सड़कों और बर्फीले दर्रों पर दौड़ने की उम्मीद है, जो मैराथन के इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

2012 में अपनी शुरुआत के बाद से, लद्दाख मैराथन एक क्षेत्रीय दौड़ से एक वैश्विक तमाशे में विकसित हो गई है, जो हिमालय की पतली हवा और नाटकीय परिदृश्यों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक धीरज एथलीटों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करती है। हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और मैराथन के संस्थापक चेवांग मोटुप गोबा ने कहा कि लद्दाख द्वारा दुनिया को दिए गए उपहार के रूप में शुरू हुई यह दौड़ भारत की प्रमुख दौड़ों में से एक बन गई है। यह रिकॉर्ड भागीदारी इस आयोजन के वैश्विक आकर्षण और हमारे लोगों व हमारी धरती की पहचान बन चुकी दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। 2025 का संस्करण छह दौड़ों में रोमांच का वादा करता है। 11 सितम्बर को सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), 12 सितम्बर को खारदुंग ला चैलेंज (72 किमी), 13 सितम्बर को 'रन लद्दाख फॉर फन' 5 किमी, और 14 सितम्बर को 11.2 किमी दौड़, हाफ मैराथन (21 किमी), और फुल मैराथन (42.195 किमी)। हर दौड़ में न केवल गति बल्कि सहनशक्ति की भी परीक्षा होती है, क्योंकि धावक ऊंचे दर्रों, घुमावदार पहाड़ी रास्तों और लुभावने दृश्यों से गुजरते हैं। कॉर्पोरेट और सामुदायिक समर्थन इस मैराथन के आकर्षण को और बढ़ा देता है। स्निकर्स हंगर पार्टनर के रूप में एथलीटों को ऊर्जा प्रदान करता है, प्यूमा उन्हें अपैरल पार्टनर के रूप में तैयार करता है, और बिसलेरी हाइड्रेशन सुनिश्चित करता है। एनर्जल प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करता है, होटल ग्रैंड ड्रैगन आतिथ्य प्रदान करता है, एकॉर्ड अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखता है और बजाज आलियांज बीमा कवर प्रदान करता है।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है। पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पटि्टयां बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।



- **ऋषभ पंत ने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांच के लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियां बंधी हुई है**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पटि्टयां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया। हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं।

चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं। उनकी एक हालिया पोस्ट में लिखा था कि मैं आपको बस एक बात बताना चाहता हूं जो मैं समझता हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने पहले कितना दर्द सहा है, अगर आपको दोबारा चोट लगती है तो दर्द उतना ही होता है, बस सीमा बढ़ जाती है और आपको खुद को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पता चल जाती है। इसलिए सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है, खुद को प्रेरित करना बहुत कारगर होता है। खुद पर भरोसा रखें और उस दिशा में काम करते रहें जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं, क्योंकि जो आपको मारता नहीं है, वह आपको अंतत: मजबूत बनाता है।

### भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका।

कोई भी जोड़ी पदक मुकाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालि फिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 10 सितम्बर 2025

## सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आग. जनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

-जयराम रमेश
कांग्रेस महासचिव

# श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल





यशोदा श्रीवास्तव

सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तो. हमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लो. कतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।


नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़ें लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहा. जा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रे. निया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोघ का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

-स्रोत फीचर्स

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय





योगेश कुमार गोयल

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।

दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुता. बिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।


मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुता. बिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलावः भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोलेः व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राजदूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिनपिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली होः जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहाः दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहाः ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड् के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### कांगो में खूनी हमलाः विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चाः संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

# यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहासिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफ़ायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

# मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

## देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।

दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि



के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवतः अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमेरिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।

### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

# राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

## पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

# अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108